दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 278 | जयपुर, रविवार, 17 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### पीएम मोदी आज करेंगे विश्वकर्मा योजना शुरू



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'पीएम विश्वकर्मा' योजना का शुभारंभ करेंगे। मोदी के जन्मदिन पर शुरू हो रही इस योजना का लाभ उन्हीं कारीगरों को मिलेगा, जिन्होंने बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर पंजीकरण करा रखा है। रविवार सुबह 11 बजे नई दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर से योजना का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर प्रदेश के जयपुर, कोटा, उदयपुर सहित कई जगह कार्यक्रम होंगे।

### देश में खुलेंगे 23 नए सैनिक स्कूल, राजस्थान में चार



**जयपुर।** देश में 23 नए सैनिक स्कूल खुलेंगे। शनिवार को आधिकारिक सूचना के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पार्टनरशिप मोड पर इन स्कूल्स को स्थापित करने के लिए मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। साझेदारी मोड के तहत देश के 11 राज्यों में 23 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। राजस्थान में चार जिलों में स्कूल खुलेंगे। ये जिले हनुमानगढ़, जयपुर, जोधपुर और सीकर हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**टोडाभीम में गरजे हजारे** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय दर्जा देने की पुरजोर मांग... दी चेतावनी

# ERCP के लिए पूर्वी राजस्थान में होगा आंदोलन: अन्ना हजारे

### कहा- राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने में केंद्र न करे देरी



**बेधड़क।** जयपुर

पूर्वी राजस्थान में अहम मुद्दा बन चुकी ईआरसीपी के मुद्दे को लेकर गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि 22 जिलों की जनता तक पानी पहुंचाने के लिए ईआरसीपी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि यहां 22 जिलों के लोग वोट लेने या देने नहीं आए हैं, बल्कि अपने पानी का हक मांगने आए हैं। अगर सभी जिलों के लोग उनके साथ खड़े हुए तो वे इस मांग को लेकर आंदोलन करेंगे, उनसे दो कदम आगे खड़े दिखेंगे। उन्होंने कहा कि एक आंदोलन दिल्ली रामलीला मैदान में किया था, अब यहां ईआरसीपी को लेकर शुरू होगा।

अन्ना शनिवार को गंगापुर सिटी जिले के टोडाभीम उपखंड स्थित पहाडी-महस्वा के कुठीला वाले बालाजी मंदिर पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के बैनर तले हुई जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अन्ना ने कहा कि राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने में केंद्र सरकार को देरी नहीं करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अगर ईआरसीपी नहीं दी तो नई दिल्ली के रामलीला मैदान के बाद दूसरा बड़ा आंदोलन पूर्वी राजस्थान की धरती पर होगा। इसके लिए सरकार को तैयार हो जाना चाहिए।

### 86 साल उम्र हो गई... बूढ़ा नहीं हुआ हूं

हजारे ने जनसभा में कहा कि उन्होंने अपना जीवन देश और समाज के लिए समर्पित कर रखा है। वह सिर्फ देश और समाज के लिए ही जीएंगे। समाज और देश की मांग को केंद्र सरकार नहीं मानती है तो आमजन के सामने आंदोलन ही एक मात्र रास्ता रहता है। इसी प्रकार ईआरसीपी के लिए वह बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। पूर्वी राजस्थान में आमजन की पहली जरूरत ईआरसीपी है। इसे केंद्र सरकार को बहुत पहले समझ लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, मेरी उम्र भले ही 86 साल हो गई है, लेकिन अभी बूढ़ा नहीं हुआ हूं।

### ये रहे मौजूद

ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए अन्ना के साथ मंच पर कल्पना ताई ईनामदार, रिटायर्ड आईएएस डॉ. कमलनाथ टावरी, दत्ताभाई आवारी, सुभाष पाराशर, दशरथ सिंह, समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना और मुख्य संयोजक रविन्द्र मीना मौजूद थे।

### अन्ना के आंदोलन ने हिला दिया था यूपीए सरकार को

बता दें, साल 2011 में अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ने केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार को हिलाकर रख दिया था और लाखों भारतीयों को एकजुट कर दिया था। वे 5 अप्रैल 2011 को भ्रष्टाचार विरोधी कानून को लागू करने के लिए भूख हड़ताल पर बैठे थे। यूपीए सरकार को उनकी लोकपाल नियुक्ति के साथ ही अन्य मांगों के आगे झुकना पड़ा था।

**हैदराबाद : CWC की बैठक में भाजपा व मोदी पर वार...**

# BJP संवैधानिक व संघीय ढांचे के लिए बनी चुनौती

### केंद्र राजनीतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर विफल

- मणिपुर और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की बड़ी चुनौतियां
- दो दिन चलेगी बैठक, सियासीग हालात पर मंथन



**बेधड़क।** हैदराबाद

मल्लिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यहां शनिवार को शुरू हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में पेश प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र सरकार राजनीतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। इसमें दावा किया कि भाजपा देश के संवैधानिक और संघीय ढांचे के लिए चुनौती है।

बता दें, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने 20 अगस्त को सीडब्ल्यूसी की इस बैठक का ऐलान किया था। 39 मेंबर्स की इस कमेटी में सोनिया, राहुल, प्रियंका शामिल हैं। इस बैठक के बारे में प्रेस को जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम और जयराम रमेश ने कहा कि कमेटी के तमाम मेंबर्स ने देश के सियासी हालात पर बात की। चिदंबरम ने कहा, बैठक में हम देश की राजनीतिक स्थिति, देश के सामने आने वाले आर्थिक संकट और देश के लिए गंभीर चुनौती बने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा खतरों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा चुनौतियां हैं।

चिदंबरम ने कहा कि देश की सीमाओं पर चीन की चुनौती है। कई मर्तबा विभिन्न स्तरों पर बातचीत होने के बावजूद चीनी विरोध में डटे हुए हैं। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि हम इलाके खो रहे हैं और चीनी अपने इलाके को बनाए रख रहे हैं या उस पर कब्ज़ा कर रहे हैं। चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 जून के बयान कि 'कोई भी भारतीय क्षेत्र में नहीं घुसा है'का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी के दावे ने चीन को एक इंच भी पीछे नहीं हटने की अपनी जिद्दी स्थिति बनाए रखने के लिए उकसाया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक शुरू होने से पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान खरगे और सोनिया गांधी मौजूद रहीं। -पेज 8 पर देखें



### सरकार प्रवासी राजस्थानियों के साथ खड़ी: सीएम गहलोत

बैठक में शरीक होने पहुंचे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार देर रात प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलन में शिरकत की। प्रवासी राजस्थानियों ने गहलोत और पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा का स्वागत किया। इस मौके पर गहलोत ने कहा कि सरकार ने बेहतरीन काम किए हैं। राजस्थान में कांग्रेस सरकार रिपीट होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रवासी राजस्थानियों के साथ खड़ी है। प्रदेश के विकास में प्रवासी राजस्थानियों का सहयोग भी सराहनीय है।

### मल्लिकार्जुन खरगे बोले- मोदी पूरी तरह फेल

बैठक की शुरुआत में खरगे ने कहा कि आज देश कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा। 3 मई से वहां हिंसा जारी है। मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया। यहां हिंसा की वारदातें हुईं, जिस कारण राजस्थान, यूपी और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई को रोकने, बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा और असमानता के मुद्दे पर पूरी तरह फेल रही है। जिस तरह से इंडियन नेशनल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) को कामयाबी मिल रही है, भाजपा सरकार विपक्षी दलों पर कार्रवाई करने में लगी है। हम संसद में विपक्ष की आवाज दबाने की निंदा करते हैं।

### बैठक में चुनावों पर गहन चर्चा

इस दो दिवसीय बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने जा रहे विधानसभा चुनावों पर गहन चर्चा होगी। इन पांचों प्रदेशों से भी नेता हैदराबाद पहुंचे हैं।

### तीन शोक प्रस्ताव पारित

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित हुए हैं। इनमें तीनों शोक प्रस्ताव हैं। पहला प्रस्ताव- केरल के पूर्व सीएम श्री ओमान चांडी जी के निधन को लेकर है। दूसरा- मणिपुर में जारी हिंसा के पीड़ितों के लिए और तीसरा- हिमाचल प्रदेश के आपदा पीड़ितों के लिए है।

**बारामुला और अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़**

# हथलंगा में 3 और कोकरनाग में एक आतंकी को किया ढेर

### एक टेररिस्ट की लाश पड़ी है बॉर्डर के समीप

**एजेंसी।** बारामुला

उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उरी-हथलंगा इलाके में शनिवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए हैं। माना जा रहा है कि एलओसी के निकट इस क्षेत्र में आतंकी घुसपैठ करके छिपे थे। इनमें दो आतंकी पहले मारे गए थे, बाद में पुलिस ने एक और आतंकी के ढेर होने की सूचना दी।

हालांकि, पूरी जानकारी ऑपरेशन पूरा होने के बाद ही सामने आ सकेगी। इस ऑपरेशन से पहले पुलिस ने शुक्रवार को बारामूला में ही दो आतंकियों को गिरफ्तार किया और उनके ठिकाने से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

अभी भी कुछ आंतकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार तीसरे आतंकी की लाश बॉर्डर के पास है। पाकिस्तान पोस्ट से लगातार फायरिंग होने के कारण उसके शव को अभी तक उठाया नहीं जा सका है।



### अनंतनाग में मुठभेड़ चार दिन से जारी

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के कोकरनाग में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। आतंकी की बॉडी ड्रोन से देखी गई है। बता दें कि आतंकियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शनिवार यानी चौथे दिन भी जारी है। बता दें, चार दिन से जारी इस मुठभेड़ में एक-एक कर्नल, मेजर और डीएसपी सहित चार जवान शहीद हो चुके हैं।

### एशिया कप: फाइनल आज INDIA Vs SL




**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच एशिया कप फाइनल रविवार दोपहर 3 बजे कोलंबो में खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका की टीमें एशिया कप में 23वीं बार आमने-सामने होंगी, जहां टीम इंडिया आठवीं बार चैंपियन बनने उतरेगी, वहीं दूसरी तरफ मेजबान श्रीलंका की नजरें भारत के सात बार एशिया कप चैंपियन बनने के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर लगी होंगी।

**गहलोत के बयान पर सिंधिया का जवाब**

## कोटा हवाई अड्डे के निर्माण में देरी... राज्य सरकार जिम्मेदार

**बेधड़क।** जयपुर

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम गहलोत के कोटा एयरपोर्ट को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि काम की धीमी प्रक्रिया के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। राजस्थान सरकार की अस्थिर प्रतिक्रिया और जमीन सौंपने की धीमी गति के कारण कोटा में हवाई अड्डे के विकास में देरी हुई है।

सीएम गहलोत ने कुछ दिन पहले ही कोटा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण में देरी के लिए केंद्र को दोषी ठहराया था। सिंधिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमीन सौंपने में देरी करना, सुस्त प्रतिक्रिया और धीमी गति के कारण कोटा हवाई अड्डे के विकास की प्रक्रिया में देरी हुई है।



गहलोत को कोटा हवाईअड्डे के विकास में कम दिलचस्पी है। प्रदेश सरकार ने भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) के लिए केवल 33.4 हेक्टेयर भूमि आवंटित की है।

**प्रदेश में व्यापक वर्षा**

# माही बांध के 16, कोटा बैराज के 2 और जवाई बांध के 3 गेट खोले


- उदयपुर में केंद्रीय मंत्री का हेलिकॉप्टर नहीं हो सका लैंड
- कहीं फसल पानी में लेटी तो कहीं डूबी, देर रात तक नहीं आई लाइट
- बांसवाड़ा में सर्वाधिक 90 और डूंगरपुर में 74 एमएम बारिश

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जगह किसान की फसल पानी में आधी डूब गई तो कई जगह खेत में ही लेट गई। शनिवार को भी हुई भारी बारिश के चलते कई जिलों के बांध ओवरफ्लो हो गए।

राज्य के माही बजाज सागर, कोटा बैराज, जवाई बांध आदि के गेट खोलने पड़े। उदयपुर में खराब मौसम के चलते केंद्रीय मंत्री का हेलिकाप्टर ही लैंड नहीं हो सका। प्रतापगढ़ में आंधी के साथ आई बारिश के कारण शनिवार को कई जगह विद्युत पोल गिर गए, जिससे कई इलाकों में देर रात तक बिजली गुल रही। सर्वाधिक बारिश बांसवाड़ा के दानपुर स्टेशन पर 90 एमएम के अलावा डूंगरपुर के गलियाकोट में 74 एमएम समेत अधिकतर जिलों में बारिश रिकॉर्ड की गई।

मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में कई जिलों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी।



@ माही सागर बांध, बांसवाड़ा

### माही बजाज सागर बांध के खोले 16 गेट

बांसवाड़ा स्थित माही बजाज सागर बांध के शनिवार को 16 गेट खोलकर 14,716 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके अलावा झालावाड़ के कालीसिंध के 4 गेट खोलकर 1,116.10 क्यूसेक, पाली के जवाई बांध के 3 गेट खोलकर 243.32 क्यूसेक, डूंगरपुर के सोम कमला अंबा बांध के 2 गेट खोलकर 90.25 क्यूसेक और कोटा बैराज के 39 दिन बाद 2 गेट खोलकर 215.10 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### केंद्रीय मंत्री को जाना पड़ा सड़क से

उदयपुर में खराब मौसम के चलते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का हेलिकॉप्टर लैंड नहीं हो सका। हेलिकॉप्टर को आबूरोड में उतारा गया। इसके बाद मंत्री को सड़क मार्ग से जाना पड़ा।

### सीजन में 5 प्रतिशत अधिक बारिश

जल संसाधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार तक मानसून सीजन में 5 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि देश में एक जून से 15 सितंबर तक औसत बारिश 417.7 एमएम दर्ज की जाती है। वहीं, इस सीजन में अब तक कुल बारिश 438.6 एमएम दर्ज की जा चुकी है।

### बंगाल की खाड़ी में बना लो-प्रेशर सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम की वजह से प्रदेश में मानसून सक्रिय हुआ है। इसके अलावा वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर, कोटा तथा रायसेन से लो-प्रेशर सिस्टम से होकर बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। पश्चिमी हवाएं भी थोड़ी कमजोर हुई, जिसके कारण पूर्वी राजस्थान के साथ-साथ पश्चिमी जिलों में भी बारिश का दौर शुरू हुआ है।

## जरूरी खबर

### अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर प्रिया सिंह RLP में शामिल



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला बॉडी बिल्डर प्रिया सिंह मेघवाल ने शनिवार को जयपुर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मुख्यालय पर आरएलपी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने उन्हें सदस्यता दिलवाई। सांसद ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की होनहार प्रतिभा का पार्टी परिवार में शामिल होना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रत्येक वर्ग नई उम्मीदों के साथ आरएलपी परिवार से जुड़ रहा है। इधर उदयपुर में भाजपा की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष विद्या मेघवाल भी आरएलपी में शामिल हो गईं। दूसरी तरफ सांसद बेनीवाल के जयपुर आवास पर एंबुलेंस कार्मिकों ने भी ज्ञापन सौंपा।

### देर रात जयपुर कमिश्नरेट के कई थानाधिकारी बदले

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार क्रो रात आदेश जारी कर 44 सीआई के ट्रांसफर किए हैं। इस सूची के बाद जयपुर कमिश्नरेट के करीब आधे थानों के थाना अधिकारी बदल गए हैं। गौरतलब है कि बीजू जॉर्ज जोसफ के कमिश्नर का कार्यभार संभालने से पहले पूर्व कमिश्नर रहे आनंद श्रीवास्तव ने अपने तबादले से पहले सभी थानों में जंबो लिस्ट निकालकर थाना अधिकारी बदले थे। इसके बाद यह तबादला सूची जोसफ ने जारी की है। इसमें कई खाली थानों में एसएचओ भी लगाए गए है।

### युवाओं से देश की तरक्की में भागीदार बनने का आह्वान



**जयपुर।** उनियारों का रास्ता चौथा चौराहा पर क्षेत्र के युवाओं ने विधायक अमीन कागजी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस मौके पर विधायक कागजी में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वार्ड 58 में कपिल मीणा के नेतृत्व में युवाओं ने साफा और माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने केक काटकर युवाओं को प्रदेश की तरक्की में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर विजय गुर्जर, मंयक हरितवाल, अमित शर्मा, अनिल गुर्जर सहित काफी संख्या में स्थानीय युवा मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय:** सरकार लाएगी राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 के तहत...

# भूमि और अनुसंधान केन्द्र के लिए मिलेंगे पांच करोड़ रुपए

■ जल की उपलब्धता, बैंकिंग सुविधाएं और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोत की तलाश और निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 लाई जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नीति के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया है। इसके लिए ऊर्जा विभाग जल्द ही अधिसूचना जारी करेगा।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राज्य में ग्रीन एनर्जी उत्पादन करने वाली कम्पनियों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी मिलेंगी। वहीं प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए



राज्य अत्यन्त अनुकूल है। राज्य सरकार नीति के तहत निवेशकों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सुविधाएं देगी। इनमें राज्य के प्रसारण तंत्र पर स्थापित होने वाले 500 केटीपीए अक्षय ऊर्जा प्लांट को 10 वर्षों तक प्रसारण और वितरण शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, थर्ड पार्टी से अक्षय ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त एवं क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज में 10 वर्ष तक छूट दी जाएगी।

परिशोधित या खारे जल से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए भूमि आवंटन में प्राथमिकता और अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के लिए 30 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपए) अनुदान मिलेगा। कैप्टिव पावर प्लांट की क्षमता एवं उत्पादित बिजली की बैंकिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 में नई नीति में विद्युत संयंत्रों के लिए व्हीलिंग और ट्रांसमिशन शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति छूट होगी।

### 2030 तक 2000 KTPA ऊर्जा उत्पादन का है लक्ष्य

राज्य सरकार ने इस नीति में वर्ष 2030 तक 2000 केटीपीए ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य रखे गए हैं। इसमें 4 श्रेणियों में परियोजनाएं स्थापित होंगी। इनमें अक्षय ऊर्जा का निकास पावर ग्रिड के नेटवर्क के द्वारा, एक ही स्थान पर अक्षय ऊर्जा एवं हाइड्रोजन का उत्पादन (700 केटीपीए), अक्षय ऊर्जा का 24 घंटे उत्पादन आरटीसी पावर (800 केटीपीए) और अक्षय ऊर्जा का निवास आरवीपीएन के नेटवर्क के द्वारा (500 केटीपीए) है।

### हाइड्रोजन की देश में 60 लाख टन की मांग

ग्रीन हाइड्रोजन रिसायकल, अक्षय ऊर्जा का नवीन एवं उदीयमान क्षेत्र है। इसमें अक्षय ऊर्जा के उपयोग से जल को इलेक्ट्रोलिसिस कर हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है, इसलिए इसे ग्रीन हाइड्रोजन कहा जाता है। हाइड्रोजन का मुख्य उपयोग रिफाइनरी, स्टील प्लांट तथा अमोनिया बनाने में होता है। देश में कुल हाइड्रोजन की मांग 60 लाख टन है, जबकि राजस्थान में 2.5 लाख टन है। इसका निर्माण प्रदूषण मुक्त होता है। इस नीति के तहत 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

### ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर होगा थ्रस्ट सेक्टर में शामिल

राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 में ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर को राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2022 के तहत थ्रस्ट सेक्टर में शामिल किया जाएगा। साथ ही इसे सनराइज सेक्टर में शामिल कर मैन्युफैक्चरिंग स्टैण्डर्ड पैकेज के परिलाभ दिए जाएंगे।

**जुबानी जंग:** पीसीसी चीफ के बयान पर नेता प्रतिपक्ष का पलटवार

# राठौड़ ने डोटासरा को बताया रावण और कांग्रेस को लंका

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों के नजदीक आने के साथ ही प्रदेश के भाजपा व कांग्रेस से जुड़े नेता अपने भाषणों में एक-दूसरे पर जमकर जुबानी हमला बोल रहे हैं। एक के बाद एक ऐसे मामले सामने आते जा रहे हैं जब प्रमुख राजनतिक दलों के नेता एक-दूसरे को लेकर विवादित टिप्पणियां कर रहे हैं। नेताओं के बीच वार-पलटवार को दौर जारी है।

इसी बीच अब नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की तुलना रावण से और कांग्रेस की तुलना लंका से की। चहीं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा विधायक सूर्यकांता व्यास और पार्टी से निलंबित कैलाश मेघवाल पर तंज कसा हैं।

वहीं कांग्रेस सरकार में खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को अरब सागर में फेंकने वाले बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें खुली चुनौती दे डाली है।

### बुढ़ापा बचपन जैसा



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा विधायक सूर्यकांता व्यास की ओर से सीएम गहलोत की तारीफ करने और कैलाश मेघवाल की ओर से भाजपा को लेकर दिए गए बयान को लेकर पलटवार किया है। शेखावत बोले कि दोनों की उम्र अब 90 के करीब पहुंच गई है। मुंशी प्रेमचंद ने अपनी एक कहानी में लिखा है कि बुढ़ापा बचपन की पुनरावृत्ति होती है और बचपन में ऐसी गलतियां हो जाती हैं।

### हिम्मत है तो मुझे समुद्र में फेंके: खाचरियावास



कांग्रेस सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर पलटवार किया। खाचरियावास ने कहा कि एक 82 साल के बुजुर्ग नेता को अरब सागर में फेंकने की धमकी क्या मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री को शोभा देती है। खाचरियावास ने कहा कि हिम्मत है तो गजेंद्र मुझे समुद्र में फेंके। उन्होंने कहा कि कब अरब सागर में फेंकना है, उन्हें बताना चाहिए, वो भी आ जाएंगे। जरा उन्हें भी फेंक कर दिखाएं।

### आप किस बिल में घुसोगे, विदाई तय है: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा पर लक्ष्मणगढ़ में पलटवार किया। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान राठौड़ ने कांग्रेस और डोटासरा को निशाने पर लिया। राठौड़ ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ में अहंकारी रावण के रूप में गोविंद डोटासरा कई प्रकार की चुनौती देते हैं। मैं उन्हीं को कह करके जाता हूं कि गोविंदजी आप कभी मुझे ललकारते हैं, आप कभी किसी को ललकारते हैं। इस विराट सभा का वीडियो देख लेना, आप किस बिल में घुसोगे। आपको बिल भी नहीं मिलेगा, आपकी विदाई तय है। जिस दंभी नेता ने कहा कि आरएसएस को बिल में घुसा देंगे, उस दंभी नेता को अब घुसने के लिए जगह



नहीं मिलेगी। अहंकार तो रावण का भी नहीं चला था। राठौड़ ने कहा कि यह ढपोर शंखों की सरकार है। यह सपनों के सौदागरों की सरकार है। यह सरकार सर्कस सरकार हैं। राठौड़ ने कहा कि डोटासरा अहंकारी रूप से कहते हैं कि गुस्सा आता है तो न जाने में क्या कर देता हूं। यह धरती सालासर हनुमान को मानने वालों की धरती है। मोदी राम मंदिर बनाते हैं और यह सालासर के राम दरबार को तोड़ते हैं। मोदी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाते हैं ये राजगढ़ में शिवलिंग को कटर से काटते हैं। आज किस प्रकार का वातावरण बना है। यह सरकार हनुमान जयंती पर धारा 144 लगाती है। हनुमानजी की ध्वजा लगाने पर उदयपुर में लोगों पर मुकदमा दर्ज होता है। इस सरकार ने हनुमानजी से पंगा लिया है। हनुमानजी से पंगा रावण ने लिया था। मंदोदरी ने बहुत कहा था हनुमानजी अशोक वाटिका में आ गए हैं, छेड़छाड़ मत करो, लेकिन रावण नहीं माना। हनुमानजी की पूंछ को आग लगाई तो उन्होंने लंका को जला डाला। इस सरकार का जलना तो तय है।

**पीएम मोदी 25 को जयपुर में**

# परिवर्तन यात्रा के समापन सभा स्थल पर किया भूमि पूजन



**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक फिर राजस्थान दौरे पर आ रहे हैं। इस बार पीएम मोदी प्रदेश भाजपा की ओर से निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्राओं के समापन समारोह में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी के 25 सितंबर को जयपुर में परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन पर दादिया पंचायत सूरजपुरा वाटिका में सभा को संबोधित करेंगे।

गौरतलब है कि राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के लिए प्रदेश भाजपा चारों दिशाओं से 2 सितंबर से परिवर्तन संकल्प यात्राएं निकाल रही है। मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर शनिवार को वाटिका में सभास्थल का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एंव प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, बगरू के पूर्व विधायक कैलाश वर्मा, जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपडा, जयपुर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया।

इस दौरान सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, महिला दुष्कर्म के बढते मामलों, युवा और किसानों से वादा खिलाफी के चलते जनता में भारी रोष व्याप्त है। मोदी की प्रस्तावित जनसभा में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के सभी कार्यकर्ता जयपुर पहुंचेंगे।

**पशु एम्बुलेंस और** ओपीडी का भी हुआ शुभारंभ

# झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पशु चिकित्सालय का हुआ भूमि पूजन

**बेधड़क** | जयपुर

झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की कालवाड़ पंचायत समिति में शनिवार को पशु चिकित्सालय भवन के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास हुआ।

वहीं कालवाड़ और जोबनेर पशु एम्बुलेंस का शुभारंभ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवाड़ के ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम हुआ।

पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया एवं चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीना ने दो पशु एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर



निशुल्क सेवा की शुरूआत की। इसके अलावा जेडीए के सहयोग से आठ सड़कों निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़, प्रधान शैतान सिंह मेहरड़ा, सरपंच त्रिवेंद्र सिंह राजावत, रमासिंह राव मौजूद रहे।

### 17 व्यावसायिक विला किए ध्वस्त

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-2 स्थित अखेपुरा में जेडीए की बिना अनुमति के कृषि भूमि पर बनें व्यावसायिक निर्माणाधीन 17 अवैध विलाज को ध्वस्त किया है। इसके अलावा अखेपुरा में ही व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनें 13 अवैध विलाज को सील किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अखेपुरा में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू रूपान्तरण कराएं व्यावसायिक निर्माणाधीन 17 अवैध विलाज और अन्य अवैध निर्माण को हटाने के लिए पाबंद किया गया था। लेकिन निर्माणकर्ता ने अवैध निर्माण नहीं हटाया। इस पर शनिवार को कार्रवाई की गई।

**सांसद बोहरा के प्रयास से** शहरवासियों को मिली सौगात

# खुशखबरी: भवानी निकेतन में बनेगा जयपुर का सैनिक स्कूल

**बेधड़क** | जयपुर

सांसद रामचरण बोहरा के प्रयास से केंद्र सरकार ने जयपुर को सैनिक स्कूल की सौगात दी है। शुक्रवार देर रात रक्षा मंत्रालय ने आदेश जारी कर जयपुर के भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में सैनिक स्कूल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह जयपुर का पहला और राजस्थान का चौथा सैनिक स्कूल होगा। बोहरा पिछले कई वर्षों से जयपुर में सैनिक स्कूल बनवाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कई बार इस विषय में रक्षा मंत्री राजनाथ



सिंह से भी मुलाकात की। सांसद बोहरा ने संसद में भी सैनिक स्कूल बनवाने की मांग रखी थी। सांसद बोहरा ने सैनिक स्कूल की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया। बोहरा ने कहा कि जयपुरवासियों के लिए खुशी की बात है कि यहां सैनिक स्कूल बनने जा रहा है।

इसका सबसे बड़ा फायदा उन विद्यार्थियों को मिलेगा जो देश की सेना में भर्ती होकर मातृभूमि की सेवा करना चाहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को अब सैनिक स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के लिए झुंझुनूं या चित्तौड़गढ़ नहीं जाना पड़ेगा। सैनिक स्कूल छात्रों को अपनी कड़ी मेहनत से भारत माता की सेवा के लिए तैयार करेगा।

**जयपुर में पहली नेशनल रेवेन्यू समिट सम्पन्न**

# अधिकारियों ने साझा किए राजस्व संग्रहण बढ़ाने के गुर

■ नवीनतम तकनीक अपनाने पर रहा पूरा जोर

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में पहली बार आयोजित नेशनल रेवेन्यू समिट के अंतिम दिन शनिवार को राजस्व राजस्व मामलों में आपसी तालमेल के लिए बेहतर और नवीनतम तकनीक का उपयोग और डेटा विश्लेषण पर जोर रहा। नेशनल रेवेन्यू समिट को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त व सूचना प्रौद्योगिकी अखिल अरोड़ा ने कहा कि राजस्व व वित्तीय प्रबंधन जन कल्याण और



राज्य के विकास से गहन रूप से जुड़ा है। अलग-अलग विभागों को एकीकृत सूचना तंत्र में इस तरह समाहित होना चाहिए कि वे एक सिस्टम से जुड़कर समस्त प्रक्रिया को ऑटोमेट कर सकें। इसी तरह प्रशासनिक आदेश, एसओपी व गाइडलाइन में भी एक ही प्रकार की व्याख्या विद्यमान हो सके। समिट में खान विभाग की ओर से निदेशक संदेश नायक ने विभाग में ऑनलाइन इंटीग्रेशन पर की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीआईएस मेपिंग के माध्यम से दूरगामी रणनीति बनाई जा रही है, जिससे अलग-अलग खनिजों की वास्तविक संभावनाओं का सटीक अनुमान लगाया जा सके।

### कई राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने रखे विचार

समिट में हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब आदि सरकारों से आए प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और अपने राज्यों में हो रहे नवाचारों की जानकारी दी। समापन सत्र के अंत में इलेट्स टेक्नोमीडिया के संस्थापक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि वित्त में राजस्व बिन्दुओं को लेकर इस प्रकार का पहला सम्मेलन आयोजित किया गया है, जो आने वाले समय में अवसरों और चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

### डॉ. कृष्ण कांत पाठक ने नवाचारों की दी जानकारी

राज्य सरकार के वित्त सचिव (राजस्व) डॉ. कृष्ण कांत पाठक ने पंजीयन व मुद्रांक विभाग में हो रहे अनेक नवाचार की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऑटो डीड जनरेशन सिस्टम के अलावा आधार बेस्ड प्रमाणीकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी तरह उन्होंने राजस्व संभावनाओं के लिए मैप बेस्ड इंटीग्रेशन, मॉडल उप पंजीयक कार्यालयों की स्थापना, प्रोपर्टी रजिस्टर, मौका निरीक्षकों का नियोजन आदि तैयारियों पर भी प्रकाश डाला।

# भाजपा में मिला मुझे मान-सम्मान: ज्योति मिर्धा

**बेधड़क** | जयपुर



नागौर की पूर्व सासंद ज्योति मिर्धा ने कहा कि जनता का मन अब भाजपा के साथ है। जहां जनता का मन वहां मेरा मन। मुझे मालूम हो गया कि जब सारी जनता ही भाजपा के साथ है तो मैं भी आपसे दूर नहीं हूं। दरअसल मिर्धा भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान नागौर के मकराना, कुचामन और डीडवाना में सभाओं को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि मैं भी भाजपा परिवार में आई और यहां मुझे बहुत मान-सम्मान मिला। हम सभी साथ मिलकर साथ काम करेंगे। 2023-24 के चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी लोगों से कहना चाहती हूं जो इस बात को लेकर चिंतित है कि ज्योति मिर्धा के आने से मूल भाजपाई लोगों का क्या होगा या अन्य लोगों की चिंताए होंगी। एक बार ईराक-ईरान से जब पारसी लोग विस्थापित हुए तो उन्हे लगा कि अपना धर्म बचाने खुद को जिंदा रखने के लिए कहां जाएं, तब उन्हे लगा कि भारत ही ऐसी जगह है जहां वे खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। तब वे दीव नदी के तट पर आए थे।

### जरूरी खबर

## सरकार और वन विभाग कर रहे तानाशाही



**जयपुर।** सांसद दीया कुमारी ने 2500 वर्ष पुराने आस्था के केंद्र पापड़ के हनुमान मंदिर के रास्ते के विवाद को जल्द सुलझाने की मांग की है। उन्होंने सरकार और वन विभाग से मंदिर में जाने के रास्ते पर बनने वाले गेट को अन्यत्र लगाने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर में हनुमानजी के दर्शन करने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि सरकार और वन विभाग हनुमान जी के भक्तों पर तानाशाही रवैया अपना रही है। विभाग मंदिर में जाने का रास्ता बंद कर श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है, जिससे आम जनता और साधु संत समुदाय में भारी आक्रोश है। सांसद ने राज्य सरकार और वन विभाग के अधिकारियों से मंदिर के मार्ग को बंद कर भक्तों के आवागमन पर भी लगाई पाबंदी को तत्काल हटाकर श्रद्धालुओं के लिए आने-जाने का मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग की ओर से पापड़ के हनुमान मंदिर के रास्ते को बंद करने के लिए एकतरफा कार्यवाही के विरोध में संत महंत और मंदिर समिति संघर्ष कर रहे हैं।

## इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों ने दिया धरना

**जयपुर।** प्रदेश के इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों ने राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा बोर्ड का गठन नहीं किए जाने के विरोध में शनिवार को शहीद स्मारक धरना दिया। धरना-प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों ने सरकार के सामने इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड गठन करने, बोर्ड के रजिस्ट्रार की नियुक्ति पुनः करने, सरकार द्वारा आवंटित बोर्ड कार्यलय का सुचारू संचालन करने, इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सालय खोले जाने सहित आठ सूत्री मांगे रखी थी। सरकार की ओर से कोई रेस्पांस नहीं मिलने पर शहीद स्मारक पर धरना दिया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**एसीबी की कार्रवाई: ग्रेटर निगम के वार्ड 123 का भाजपा पार्षद गिरफ्तार**

# मकान तुड़वाने की धमकी देकर मांगी थी 50 हजार की घूस

■ 15 दिन से कर रहा था परिवादी को परेशान

बेधड़क | जयपुर

निर्माणाधीन मकान को तुड़वाने की धमकी देकर 30 हजार रुपए की घूस लेते नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 123 के पार्षद को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी रामकिशोर सोयल भाजपा का पार्षद था।

एसीबी ने आरोपी से घूस की राशि बरामद कर ली और उसके घर पर सर्च भी किया, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला।

एसीबी ने पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। आरोपी रामकिशोर एसीबी के परिवादी को पिछले 15 दिन मकान तुड़वाने की धमकी दे रहा था और उससे 50 हजार रुपए की घूस मांग रहा था। एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एक सप्ताह पहले एक परिवादी पेश हुआ था। उसका आरोप था कि वह वार्ड 123 में रहता है और उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। वार्ड पार्षद रामकिशोर निर्माण को तुड़वाने की धमकी देकर और कोई दिक्कत नहीं करने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग रहा है।

पार्षद की लगातार रिश्वत मांग से परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत दी। एसीबी टीम ने शिकायत की सत्यापन कर ट्रैप का प्लान बनाया। सत्यापन के दौरान सौदा 30 हजार रुपए में तय हुआ। आरोपी रामकिशोर परिवादी को अपने ऑफिस सुबह 11 बजे के करीब रिश्वत की राशि लेकर बुलाया था। जहां पर आरोपी पार्षद रामकिशोर को एसीबी ने परिवादी के इशारे पर घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।



### रिश्वत लेने वाले पार्षदों और निकाय प्रमुखों की लंबी लिस्ट

सात साल में एसीबी 16 पार्षद, 5 पार्षद पति, 12 चेयरमैन, 2 वाइस चेयरमैन, 5 चेयरमैन पति व एक चेयरमैन पुत्र को गिरफ्तार कर चुकी है। पड़ताल में सामने आया कि महिला जनप्रतिनिधि व उनके पति द्वारा आमजन व ठेकेदारों से घूस की राशि काम व टैंडर की राशि के आधार पर ली जाती है। अक्सर अफसर व जनप्रतिनिधि आमजन से आवासीय भूखंड को व्यवसायिक करने, निर्माण स्वीकृति, भूरूपांतरण व नक्शा मंजूरी के लिए घूस ले रहे हैं। अफसर व जनप्रतिनिधि द्वारा पट्टा जारी करने के लिए 10 हजार रुपए तक की घूस ली जाती है, जबकि अलग-अलग कामों की एनओसी देने के लिए 20 हजार, भूरूपांतरण के लिए 5 लाख रुपए तक, व्यवसायिक गतिविधियों की मंजूरी के लिए 25 हजार रुपए तक, निर्माण कार्यों के नोटिस का निस्तारण करने के लिए प्लाट की साइज व कीमत के आधार पर घूस की राशि देनी पड़ रही है।

**प्रदेश में रोजाना ओसतन हो रहीं 130 चोरी-नकबजनी की वारदातें**


# 2,510 बदमाशों की कुंडली, फिर भी नकेल नहीं कस पा रही पुलिस

बेधड़क | जयपुर

पुलिस के पास चोरी 2510 आदतन बदमाशों का पूरा बोयाडाटा है। इसके बावजूद पुलिस चोरी और नकबजनी के बदमाशों पर नकेल नहीं कस पा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रदेश में रोजाना चोरी और नकबजनी की औसतन 130 वारदातें हो रही है। आमजन के घर से लाखों रुपए का कीमत सामान चोरी हो रही है, लेकिन पुलिस इन बदमाशों पर सख्ती नहीं कर पा रही है।

हाल ही में पुलिस मुख्यालय ने ऐसे आदतन बदमाशों की एक सूची बनाई है, जो सभी जिला एसपी व डीसीपी को कार्रवाई के लिए भेजी है। इसके बावजूद सूची दफ्तर की फाइलों में सिमट गई। पड़ताल में सामने आया कि इन बदमाशों के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में 11801 मुकदमें दर्ज हैं।

पुलिस ने 590 बदमाशों पर तो सख्ती करने का प्रयास भी किया, लेकिन उनके खिलाफ ठोस सबूत नहीं होने से वे कोर्ट से बरी हो गए। इसके बाद सुधरने के बजाय वे फिर से चोरी व नकबजनी की वारदातें करने लगे हैं। ऐसे में पुलिस की जांच और उसके निगरानी सिस्टम पर सवाल खड़े होने लगे हैं। पुलिस की हर जिल में डीएसटी व थाना स्तर पर स्पेशल टीम बना रखी है। जयपुर कमिश्नरेट में तो डीएसटी के साथ में सीएसटी की भी अलग-अलग टीमें बनाई हुई है। सीएसटी टीम में तो 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। इसके बावजूद पुलिसकर्मियों पर अकसर ऐसे बदमाशों से मंथली लेने की शिकायतें मिलती रहती हैं। ऐसे में बदमाश बेखौफ होकर प्रदेश में वारदातें कर रहे हैं।



### निगरानी सिस्टम को मजबूत करने की जरूरत

"पुलिस को निगरानी सिस्टम को मजबूत करने की आवश्यकता है। ऐसे बदमाशों की निगरानी के लिए थाना स्तर पर बीट कांस्टेबल, डीएसटी व सीएसटी के पुलिसकर्मियों को पाबंद करना चाहिए। अगर निगरानी नहीं कर रहे और उनसे मिले हुए हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

**अनिल गोठवाल,** रिटायर्ड एडिशनल एसपी

### 864 बदमाश फरार... 8,672 जमानत पर

पुलिस मुख्यालय के आंकड़ों के माने तो प्रदेश में चोरी व नकबजनी की वारदातें करने वाले 864 बदमाशों की पहचान होने के बाद वे पुलिस गिरफ्त से दूर हैं, जबकि 8672 बदमाश कोर्ट से जमानत लेकर बाहर आ गए हैं। ऐसे बदमाशों पर पुलिस की कोई निगरानी नहीं है। ऐसे में वे आसानी से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आदतन अपराधियों में से केवल 1460 बदमाश ही जेल में हैं।

### जयपुर शहर में रोजाना 20 से ज्यादा वारदातें

प्रदेश में जून माह तक चोरी और नकबजनी की 23 हजार से ज्यादा वारदातें हुई हैं। यानी प्रतिदिन प्रदेश में 130 के करीब चोरी व नकबजनी की औसतन वारदातें हो रही है। वहीं, जयपुर में रोजाना औसतन प्रतिदिन चोरी व नकबजनी की 20 से ज्यादा वारदातें हो रही हैं।

**ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पहुंचाई किडनी**

# मरने से पहले दूसरे व्यक्ति को जीवनदान दे गया गौरव



बेधड़क| जयपुर

करौली के हिंडौन निवासी 16 साल का गौरव महावर मरने ये पहले अपने ऑर्गन को डोनेट कर एक व्यक्ति को जीवनदान दे गया। गौरव का सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल होने के कारण जयपुर के एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया था। दस दिन तक चले इलाज में चिकित्सक गौरव को नहीं बचा पाएं और शुक्रवार को उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया।

ऐसे में अस्पताल के चिकित्सकों ने उसके परिजन को ऑर्गन डोनेट के महत्व को समझाया। परिजन की सहमति के बाद चिकित्सकों ने उसकी दोनों किडनियों को डोनेट करने का फैसला किया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी न्यूरोसर्जन वरिष्ठ प्रोफसर डॉ. देवेन्द्र पुरोहित ने बताया कि गौरव की किडनी को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया। एम्बुलेंस ने एसएमएस हॉस्पिटल से महात्मा गांधी हॉस्पिटल की 18 किमी की दूरी को 16 मिनट में तय कर ऑर्गन्स को पहुंचाया।

डीसीपी यातायात प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर में सीआई संजीव चौहान, कैलाश चन्द और इंटरसेप्टर-12 प्रभारी ASI भंवरलाल ने एम्बुलेंस को एस्कोर्ट/पायलट किया। अस्पताल की ओर से एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ राजीव बगरहट्टा, आरयूएचएस वीसी डॉ सुधीर भंडारी, सोटो-स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त निदेशक डॉ. अमरजीत मेहता, कंसल्टेंट डॉ. मनीष शर्मा और डॉ. अजीत सिंह शक्तावत, न्यूरो सर्जन डॉ. देवेंद्र पुरोहित मौजूद रहे।

**दिनभर मौसम रहा सुहाना, गर्मी से मिली राहत**

# राजधानी में बारिश की 'मॉर्निंग वॉक'

बेधड़क | जयपुर


राजधानी में शनिवार को दिन की शुरुआत बारिश की हल्की बूंदों से हुई। इससे पूरे दिन का मौसम जयपुराइट्स के लिए सुहाना रहा। इधर, सुबह की बारिश ने आमजन की दैनिक दिनचर्या को प्रभावित किया। बारिश की वजह से मॉर्निंग वाक कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं ऑफिस जाने लोग भी इससे प्रभावित हुए। दूसरी तरफ शहरी इलाकों में दिनभर बादल छाए रहने के कारण दिन का तापमान शुक्रवार के मुकाबले 3.3 गिरकर 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके चलते पिछले दिनों आमजन को गर्मी और उमस से हो रही परेशानी से निजात मिली। मौसम सुहाना होने से राजधानी के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ नजर आई। कई निचले इलाकों में बारिश के बाद पानी भी भरा हुआ नजर आया। मौसम केंद्र जयपुर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार कलेक्ट्रेट के इलाके पर 5 एमएम बारिश के अलावा आमेर में 2 एमएम और सांगानेर के इलाके में 1 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग की ओर से रविवार को मौसम सामान्य रहने का अनुमान जताया गया है।



### 'सूर्यकिरण' एरोबेटिक टीम ने दिखाए करतब...





*जयपुर। जलमहल की पाल पर सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने शनिवार को भी एयर शो के दौरान अपने करतब दिखाए। शो देखने के लिए जलमहल पर लोगों की काफी भीड़ उत्साहित नजर आई। दूसरी तरफ आसमान में इस करतब को देखने के लिए शहरवासी अपनी छतों पर चढ़ गए। इस दौरान अधिकतर लोग फोन से वीडियो बनाते हुए नजर आए। लोगों में इसे लेकर एक खास उत्साह देखा गया।*

*-फोटो: पंकज शर्मा*

**श्री गणेश चतुर्थी समारोह के तहत गणपति के मंदिरों में छाया उल्लास**

# कहीं कथक नृत्य से रिझाए गजानन, कहीं लगाया लड्डुओं का भोग

बेधड़क | जयपुर

गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के प्रमुख गणेश मंदिरों में उल्लास छाने लग गया है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव के अवसर पर गणेश मंदिरों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन भी किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख आयोजन मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में हुआ। यहां पर शनिवार को कथक नृत्य की विभिन्न मुद्राओं और भावों से भगवान गणेश जी महाराज की स्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गजाननं भूत गणादि सेवितं.. श्लोक पर कथक की प्रस्तुति के साथ हुई, इसके बाद राग भूपाली पर आधारित गाइए गणपति जगवंदन... से गजानन महाराज को रिझाया।



### श्वेतसिद्धि विनायक मंदिर में सजी 1008 लड्डुओं की झांकी

सूरजपोल बाजार स्थित श्वेतसिद्धि विनायक मंदिर में लड्डुओं की झांकी सजाई गई। मंदिर महंत मोहन लाल शर्मा ने बताया कि महागणपति चतुर्थी महोत्सव में मंदिर में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। शनिवार को भगवान के 1008 लड्डूओं की झांकी सजाई गई। इसके अलावा विशेष हवन का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान के लड्डूओं की आहूति दी गई। रविवार को गणेशजी को छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। वहीं गढ़ गणेश मंदिर, नहर के गणेश जी, बंगाली बाबा गणेश मंदिर, ध्वजाधीश गणेश मंदिर, परकोटे वाले गणेश मंदिर में भी धार्मिक आयोजन हुए।



### कथक विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की जयपुर घराने की आमंद

कत्थक आचार्य रेखा ठाकर के निर्देशन में 11 विद्यार्थियों ने ताल, तीन ताल पर आधारित कथक नृत्य की विभिन्न बंदिशें के साथ पारम्परिक जयपुर घराने की विशिष्ट आमंद प्रस्तुत की। इसके साथ चक्करदार परन चक्करदार प्रमिलू की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान वक्र तुण्ड महाकाय कोटि सूर्य समप्रभ, गणेशजी के श्लोक के बाद राग नंद पर आधारित विघ्न हरण गौरी के नंदन, गणेश वंदना के बीच ताल, त्रिताल, विलंबित, उठान, परन व तिहाइयां जैसी कत्थक नृत्य की विभिन्न बंदिशों की प्रस्तुति दी। अंत में द्रुत तीन ताल में तोड़ों और टुकड़ों की प्रस्तुति दी गई। सवाल जवाब द्रुत लयकारी के साथ समापन किया गया। भगवान गणेश जी जन्मोत्सव कार्यक्रम की कड़ी में रविवार को सुगम संगीत की प्रस्तुति होगी।

## जरूरी खबर

### थानेदार को 20 हजार रुपए की घूस लेते दबोचा



**भरतपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से लगातार प्रदेश में रिश्वतखोरों पर कार्रवाई की जा रही है। धौलपुर एसीबी टीम ने नदबई में लखनपुर के घूसखोर थानाधिकारी रामअवतार बैरवा को 20 हजार की रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी से थानाधिकारी ने धोखाधड़ी के मामले में मदद करने और रुपए वापस दिलवाने की एवज में 25 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायत का सत्यापन के बाद ट्रैप कार्रवाई की गई।

### नाबालिग के साथ गैंगरेप के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर।** शहर के रामगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को अगवा कर उसके साथ गैंगरेप करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को पॉक्सो प्रकरण की विशेष अदालत संख्या-2 में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। सीओ रामचंद्र चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले चार युवकों ने बहला-फुसलाकर पीड़िता को रात को घर के बाहर बुलाया और अगवा कर ले गए। बाद में नशीला पदार्थ खिलाकर चारों ने गैंगरेप किया और फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश उर्फ कालू, जयदीप उर्फ बादल और प्रकाश उर्फ वरुण है। चौथे आरोपी हिमांशु की तलाश की जा रही है।

### डॉ. किरण ने अमेरिका में किया कविता पाठ



**पाली।** राजस्थान की बेटी कवियत्री डॉ.कविता किरण विदेशों में अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं। पाली के फालना में रहने वाली डॉ.कविता किरण ने अमेरिका में हिंदी दिवस के अवसर पर काव्यपाठ किया। अमेरिका में भारतीय दूतावास में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान डॉ.कविता किरण ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। लोगों ने उनकी शैली और रचना की सराहना की। कविता पाठ के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। डॉ. कविता न्यूयॉर्क में भी काव्य पाठ करेंगी।

---

**हरियाली के बीच सुकून:** लोग दोपहर 12 से रात 10 बजे तक पार्क की कर सकेंगे सैर, स्टूडेंट्स का शुल्क आधा

## आमजन आज से घूम सकेंगे सिटी पार्क, एंट्री फीस 100 रुपए

**बेधड़क** | कोटा

कोचिंग सिटी को पर्यटन सिटी बनाने के लिए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर कोटा में विकसित किए गए सिटी पार्क में रविवार से आमजन को प्रवेश दिया जाएगा।

उद्घाटन के बाद आमजन के लिए इस पार्क को खोला जा रहा है। न्यास सचिव मानसिंह मीणा ने बताया कि लोग दोपहर 12 से रात 10 बजे तक पार्क में घूम सकेंगे। पार्क में जाने के लिए प्रति व्यक्ति 100 रुपए एंट्री फीस रखी गई है। जबकि आईडी दिखाने पर स्टूडेंट्स को 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। इस पार्क में स्टूडेंट्स व पर्यटकों के लिए प्ले जोन और फूड एरीना भी बनाया गया है। नॉलेज इज फ्रीडम नामक मूर्ति बनाई गई है। यहां एक एम्फी थिएटर भी बनाया जा रहा है, ताकि नाटकों और दूसरे रचनात्मक आयोजन हो सकें। इस पार्क के 72 प्रतिशत क्षेत्र में सघन पेड़ पौधे हैं जबकि 16 प्रतिशत क्षेत्र में तालाब और नहरों का मनमोहक नजारा मन को सुकून देता है। लोगों को बेहतर सेहत के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ओपन जिम भी यहां बनाया गया है। पार्क में म्यूजिकल फॉउन्टेंस के साथ काइनेटिक रोटरी



है जो वैज्ञानिक आधार पर बनाई गई है। इस पूरे पार्क में करीब 15 हजार बड़े पेड़ और 50 हजार पौधे लगाए गए हैं। यहां एक बॉटनिकल गार्डन भी शामिल हैं। इसमे 200 तरह के विभिन्न प्रजातियों के खुशबूदार और रंग-बिरंगे फूलों वाले पौधे लगाए गए हैं।

### लंदन के सेंट जेम्स पार्क से भी बड़ा है पार्क

सिटी पार्क लंदन के सेंट जेम्स पार्क (58 एकड़) से भी बड़ा पार्क है। इसे करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से 71 एकड़ में तैयार किया गया है। यहां का नजारा लंदन या यूरोप के किसी पार्क से कम नहीं दिखता। पार्क के बीचों-बीच 1200 मीटर लंबी एक नहर गुजर रही है। एक आर्टिफिशियल गुफा और कांच से बने ग्लास हाउस में लोग कॉफी का मजा ले सकेंगे। गोल्फ कार्ट पर बैठकर पार्क घूम की सैर करने की व्यवस्था भी है। एक पॉइंट पर टिके उल्टे पिरामिड पर ओपन थियेटर की तरह प्रोग्राम देख सकेंगे। इस पार्क को 'नेचुरल ऑक्सीजन फैक्ट्री' भी कहा जा रहा है। क्योंकि यहां लगाए 2 लाख से ज्यादा पेड़ 8 किलोमीटर तक शहरवासियों को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सकेगी। यहां मॉर्निंग-इवनिंग वॉक और बच्चों के खेलने के अलावा स्टूडेंट्स शांत माहौल में पढ़ाई कर सकते हैं। पक्षियों के आराम के लिए 'एग शेप' का बंगला भी बनाया गया है। इसे 'ऑक्सीजोन सिटी पार्क' नाम दिया गया है।

### पहला पार्क जहां 1200 मीटर लंबी नहर

हरियाली के साथ-साथ यहां सबसे ज्यादा आकर्षक पार्क के बीचों-बीच गुजरने वाली 1200 मीटर लंबी नहर है। इसी नहर से पेड़ पौधों को पानी दिया जाने का सिस्टम विकसित किया गया है। पार्क के मध्य में एक तालाब भी बनवाया गया है। तालाब के अलावा डक पोंड भी अलग से दिया है। तालाब में 24 घंटे पानी की सप्लाई के लिए यूआईटी ने पानी की टंकी का निर्माण करवाया है। पार्क में ज्यादातर हिस्सों में फलदार, छाया वाले और सजावटी पेड़-पौधे लगाए गए हैं, जिससे ऑक्सीजन ज्यादा से ज्यादा तैयार हो सके।

---

**मुठभेड़ के बीच पीछा करते हुए** पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

## गोतस्करों और पुलिस में फॉयरिंग एक बदमाश के पैर में लगी गोली

- देर रात हाईवे पर पुलिस के रोकने पर भागे बदमाश सुबह पुलिस के हत्थे चढ़े

**बेधड़क** | दौसा

जिले के सदर थाना इलाके में नांगल बेरसी रोड पर शनिवार को गोतस्करों का पुलिस से सामना हो गया। ऐसे में बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिए फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग कर की।

इस दौरान दोनों तरफ से ताबड़तोड़ गोलियां चली। दिन-दहाड़े गोलियों की अवाज सुनकर लोग भी सकते में आ गए। इस बीच पुलिस ने पीछा करते हुए तीन गोतस्करों को पकड़ लिया। इस मुठभेड़ में सादिक मेव के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनो गोतस्कर हरियाणा के पलवल जिले के इस्लामाबादी मोहल्ले की फूलवाली मस्जिद के पास रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों से एक देसी कट्टा बरामद किया है। दौसा सदर थाना पुलिस के अनुसार, जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर देर रात करीब 12 बजे गश्त के दौरान पुलिस ने एक केन्ट्रा कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाश कार छोड़कर खेतों में अंदर भाग गए। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन उनका पता नहीं चला।



### सुबह मिली बदमाशों के खेत में छिपे होने की सूचना

शनिवार सुबह दुब्बी स्थित बरखेड़ा गांव के पास बदमाशों के खेत में छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पूरे इलाके को घेर लिया। अपने-आप को पुलिस से घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से हुई ताबड़तोड़ गोलीबारी के बीच एक गोतस्कर के पैर में गोली लग गई। इसके बाद उसके दो अन्य साथियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने तीनों बदमाशों को पकड़कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ये गोतस्कर आए पुलिस की गिरफ्त में

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गोतस्कर सादिक मेव, मोहम्मद इरफान व मोहम्मद रईस निवासी फूलवाली मस्जिद के पास, मोहल्ला इस्लामाबादी, पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया है। सादिक मेव के पैर में गोली लगी है। गौरतलब है कि करीब 20 दिन पहले भी दौसा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई थी। बदमाशों को पकड़ने गई दौसा डीएसटी टीम पर फायरिंग कर दी थी। बदमाशों का पीछा करते हुए एक पुलिस कांस्टेबल के सिर में गोली लगी थी। इससे जवान को गंभीर हालत में जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई थी।

---

**मरम्मत कार्य के** दौरान हुआ हादसा

## स्कूल की छत ढहने से चार लोग मलबे में दबे, ठेकेदार की मौत



**बेधड़क** | बारां

जिले में नव निर्मित नगर पालिका सीसवाली में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की मरम्मत के दौरान छत गिरने से चार मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्कूल की छत का कार्य चल रहा था। सभी मजदूर और कारीगर काम कर रहे थे।

इस दौरान पेड़ा नीचे आ गया और मजदूर दब गए। सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू किए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कस्बेवासियों ने पुलिस की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। घटना में कार्यरत ठेकेदार दौलतराम उर्फ पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गोवर्धन की हालत गंभीर बनी हुई है।

एसएचओ उत्तम सिंह ने बताया कि सीसवाली कस्बे में राजकीय स्कूल में मरम्मत कार्य चल रहा था। उसमें ठेकेदार दौलतराम और उसके अन्य साथी कार्य कर रहे थे। कार्य के दौरान निर्माण कार्य में काम आने वाला छत के नीचे लगाया लकड़ी का पेड़ा खिसक गया। इससे छत भरभरा कर नीचे आ गिरी। इससे नीचे कार्य कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। ग्रामवासियों ने पुलिस को सूचना दी।

---


**चित्तौड़गढ़ में होगा** 'नमों सुरक्षा कवच' का आयोजन

## PM मोदी के जन्मदिन पर बनेगा हेलमेट वितरण का विश्व रिकॉर्ड

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी की प्रेरणा से चित्तौड़गढ़ सेवा संस्थान की ओर से 'नमों सुरक्षा कवच' कार्यक्रम आयोजित होगा।

रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में दोपहर 3 बजे होने वाले इस आयोजन के दौरान 'हेलमेट नहीं है बोझ' का संदेश देते लोगों को हेलमेट का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा, वहीं 17 हजार निशुल्क हेलमेट वितरित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी वर्चुअली रूप से सड़क सुरक्षा को लेकर नियमों का पालन करने का संदेश देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी होंगे।



संस्थान की ओर से कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर संस्थान की तरफ से 17 हजार 'नमो सुरक्षा कवच' हेलमेट वितरित किए जाएंगे जो एक विश्व रिकॉर्ड होगा। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और विश्वकर्मा जी की आरती से होगी।

---

**मुखबिर की सूचना पर** पुलिस ने की कार्रवाई

## बोगस ग्राहक भेजकर देह व्यापार का भंडाफोड़, दो महिला व दलाल को धरा

**बेधड़क** | राजसमंद

राजसमंद जिला मुख्यालय के कांकरोली थानाक्षेत्र में धोइंदा रोड पर पुलिस को कई दिनों से देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। इस सुचना पर कार्रवाई से पहले पुलिस ने तस्दीक कराई।

इसके बाद प्रशिक्षु आरपीएस आकांक्षा चौधरी ने टीम के साथ दबिश देकर दो महिलाओं और एक दलाल को वेश्यावृत्ति के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। प्रशिक्षु आरपीएस आकांक्षा ने बताया कि मुखबिर से इलाके में देह व्यापार की सूचना मिली थी। इस पर शुक्रवार रात एक बोगस ग्राहक पुलिस की ओर से भेजकर शिकायत का सत्यापन कराया गया। इस दौरान बोगस ग्राहक के इशारे पर ही दबिश देकर दो महिलाओं सहित स्पा सेंटर के मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है।



शनिवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में न्यायाधीश के सामने पेश किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों शहर में करीब आधा दर्जन स्पा सेंटर संचालित हैं, जिनमें देह व्यापार करने की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद एसपी के निर्देश पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

---

**नागौर पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा**

## डबल इंजन सरकार से प्रदेश को बनाएंगे भारत का ग्रोथ इंजन: शेखावत

- केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने बोला गहलोत सरकार पर हमला

**बेधड़क** | नागौर

मिशन फतह के तहत भाजपा की ओर से निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा शनिवार को नागौर पहुंची। यहां परबतसर, मकराना और कुचामन सिटी में यात्रा का जोरशोर से स्वागत किया गया। इस दौरान हुई सभाओं में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह सिंह शेखावत सहित अन्य नेताओं ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए गहलोत सरकार पर जुबानी हमला बोला। परबतसर की सभा में केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि राजस्थान की इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा लक्ष्य है।

राजस्थान भारत के बदलते हुए परिदृश्य में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सके और देश का ग्रोथ इंजन बन सके, इसके लिए राजस्थान में हम डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेखावत ने गहलोत सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा कि किसानों से किया कर्जमाफी का वादा गहलोत सरकार ने पूरा नहीं किया। इसके चलते 2000 से ज्यादा किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुए हैं। 20 हजार किसानों की जमीन नीलाम हो गई। बिजली न मिलने के चलते किसान खून के आंसू रोने के लिए मजबूर हैं।

इस बदहाली की सुध लेने के लिए गिरदावरी करने की आवश्यकता है, क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट उसके बाद हो पाएगा। इसके बाद ही नरेंद्र पीएम मोदी द्वारा प्रारंभ की गई फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को मिल पाएगा, लेकिन दुर्भाग्य है कि पटवारी, गिरदावरी और रेवेन्यू डिपार्टमेंट के कर्मचारियों की हड़ताल होने से उस दिशा में कोई काम नहीं हो रहा।




### वसुंधरा जी हमारी आदरणीय नेता

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से जुड़े एक सवाल के जवाब में शेखावत ने कहा कि वसुंधराजी हमारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री और दो बार नेता प्रतिपक्ष रहीं हैं। वो हमारे लिए आदरणीय नेता हैं। जहां तक प्रश्न गुटबाजी का है तो हम सब सामूहिक नेतृत्व के आधार पर कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम कर रहे हैं। देश के 18 करोड़ भाजपा सदस्यों के नेता नरेंद्र मोदी हैं। सबका चिह्न कमल का फूल है। भारत माता का उत्कर्ष ही हम सबका लक्ष्य है। शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान परिवार में एक करोड़ 80 लाख लोग हैं।

### सरकार के मंत्री और विधायक ही लगा रहे आरोप

मकराना में आयोजित सभा में शेखावत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के पहले दिन से ही सिर फुटव्वल होने लगी। मंत्री अलग-अलग खेमों में बंटे हुए थे। हालात यह हो गए कि एक मंत्री दूसरे मंत्री पर आरोप लगाने लगे। खुद विधायक और मंत्री ही कहने लगे कि अबकि बार हम बस में आने लायक बचेंगे। राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त मुख्यमंत्री का सलाहकार एक-दूसरे मंत्री पर आक्षेप लगा रहा था कि आप सबसे भ्रष्ट हो। एक मंत्री ने कहा कि यह सरकार सदी की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने कहा कि लाल डायरी वाले मंत्री ने डायरी के पन्ने निकाले तो सरकार की हवा उड़ गई। अब वे विधायक हमारे एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं।

### आरपीएससी की प्रतिष्ठा पर कालिख पोती

शेखावत ने कहा कि राज्य में एक के बाद एक सत्रह बार पेपर लीक हुए। गहलोत सरकार ने आरपीएससी की प्रतिष्ठा पर कालिख पोतने का काम किया। मुख्यमंत्री पहले कहते थे कि पेपर लीक तो दूसरे राज्यों में भी होता है, फिर कहने लगे इसमें कोई अधिकारी और राजनेता नहीं है। बाद में जब विपक्ष और मीडिया ने दबाव बनाया, जांच हुई तो आरपीएससी का सर्विंग मेंबर पकड़ा गया। राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त नेता पकड़ा गया। मैं यह जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि अबकि बार राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो पेपर लीक की पूरी जांच होगी। पेपर माफिया जेल में होंगे और जिन्होंने फर्जी तरीके से नौकरी हासिल की है, वे भी सींखचों के पीछे होंगे। शेखावत ने कहा कि राजस्थान में कई तरह के माफिया पनप गए।

**मंथन: संग्रहालय विज्ञान एवं संरक्षण केंद्र की ओर से संगोष्ठी में जुटे विशेषज्ञ**

# लोक संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण है संग्रहालयों की भूमिका

बेधड़क | जयपुर

संग्रहालय विज्ञान एवं संरक्षण केंद्र की ओर से आयोजित अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'म्यूजियम स्पेसेज एज पीपल्स हिस्ट्रीज एंड कम्युनिटी वॉइसेज' के दूसरे दिन शनिवार को संग्रहालयों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।



आदिवासी एकेडमी तेजगढ़, गुजरात के निदेशक डॉ. मदन मीणा ने अपने फील्ड अनुभव के आधार पर लोक भाषाओं, लोक कला, लोक गायकी आदि को संग्रहालयों के माध्यम से अभिव्यक्त करते हुए लोक संस्कृति के संरक्षण में संग्रहालयों के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में पुरातत्व एवं संग्रहालय के बीच सम्बन्धों की खोज पर एक पैनल विचार-विमर्श हुआ। इसमें सवाई मानसिंह म्युजियम, सिटी पैलेस की निदेशक डॉ. रीमा हूजा, कर्नाटक के आरबी संघकलू आर्कियोलोजिकल म्युजियम बालैरी के प्रो. रवि कोरीसेटर एवं जेआरएन विद्यापीठ, उदयपुर के प्रो. जीवनसिंह खरकवाल ने भाग लिया।

डॉ. रीमा हूजा ने संग्रहालय में पुरातात्विक प्रतीकों को ध्यान से प्रयोग करने की हिदायत दी। प्रो. रवि कोरीसेटर ने कहा कि पुरातत्व को आमजन से जोड़ना होगा। उन्होंने बल दिया कि हमें सतर्क रहकर अन्तरअनुशासनात्मक अध्ययन करना होगा ताकि पुरातत्व का जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान व जन्तु विज्ञान आदि अन्य विषयों के साथ भी अध्ययन किया जा सके। उन्होंने नवपाषाणकाल व महापाषाणकालीन संस्कृतियों में प्रयुक्त प्रस्तरों का संग्रहालयों में महत्व बताया। संगोष्ठी में देश-दुनिया के म्यूजियम्स से जुड़े लोगों सहित आर्कियोलॉजी विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### कृषि व वस्त्र निर्माण पर शोध की जरूरत

प्रो. जीवन सिंह खरकवाल ने कहा कि हमें कृषि विज्ञान, वस्त्र निर्माण आदि के इतिहास पर भी शोध करने की आवश्यकता है। संगोष्ठी के विभिन्न तकनीकी सत्र प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, प्रो. एम. भुइआन, प्रो. नन्दन शास्त्री, डॉ. विक्रमसिंह, प्रो. मदन मीणा आदि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए, जिनमें देश-विदेश के विभिन्न शोधार्थियों व शिक्षकों ने शोध पत्रों का वाचन किया। संग्रहालय विज्ञान एवं संरक्षण केन्द्र की निदेशक डॉ. नीकी चतुर्वेदी ने कहा कि यह संगोष्ठी पुरातत्व व संग्रहालय विज्ञान के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। डॉ. जिज्ञासा मीणा, डॉ. तमेघ पंवार व डॉ. कर्मवीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## Yuva स्टोरीज



**बच्चों ने समझा समाज में मीडिया का महत्व |**

**जयपुर।** मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में जूनियर जर्नलिस्ट प्रोग्राम के अंतर्गत शनिवार को आयोजित टॉक शो में बच्चों ने मीडिया के विभिन्न पहलुओं को समझा। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ ने संबोधित किया। उन्होंने मीडिया एवं पत्रकारिता को लोकतंत्र का चतुर्थ स्तम्भ बताया। इस अवसर पर उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे फेक न्यूज के दौर की भर्त्सना करते हुए इससे सतर्क रहने की आवश्यकता जताई। विधायक कालीचरण सराफ ने इस अवसर पर लोकतंत्र में मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डाला। टॉक शो में स्टूडेंट्स ने भी एक्सपर्ट पैनल से विभिन्न सवाल किए जिनका एक्सपर्ट्स ने जवाब दिया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक डॉ. सन्नी कपूर ने बताया कि बच्चों को अपने रुझान के अनुरूप ही कोई भी फील्ड लेना चाहिए जिससे वे उसमें बेहतर परफॉर्म कर सके।



**ओजोन परत के संरक्षण पर हुई चर्चा |**

**जयपुर।** रामबाग स्थित एसएस जैन सुबोध पी जी महिला महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस पर पोस्टर निर्माण, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं एक्सटेम्पोर प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्टूडेंट्स ने ओजोन परत के संरक्षण का मुद्दा उठाया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेणु जोशी ने छात्राओं के उत्साहवर्द्धन करते हुए अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की प्रो. नीलिमा गुप्ता का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं को व्यक्तित्व निर्माण एवं कौशल विकास के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। प्रो. गुप्ता ने आधुनिक जीवन शैली के कारण रक्षात्मक ओजोन परत के क्षय को घातक बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता बताई। अंत मे कार्यशाला की संयोजिका डॉ. सुनिता गजावत एवं डॉ. विजय लक्ष्मी गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।



**हिन्दी की प्रतियोगिताओं में दिखा विद्यार्थियों का हुनर |**

**जयपुर।** आईआईएस के आईआईईआरडी सीतापुरा में मनाए जा रहे हिंदी दिवस पखवाड़ा के आखिरी दिन शनिवार को कविता पाठ एवं आशु भाषण प्रतियोगिता समेत कई अन्य प्रतियोगिताओं ने स्टूडेंट्स ने अपना टैलेंट दिखाया। निबंध प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा पायल शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बीएड द्वितीय वर्ष की भानुमति मीना एवं भावना कुमावत ने द्वितीय स्थान और द्वितीय वर्ष की अंकित अरोरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में नेहा शर्मा ने प्रथम, सोनम शर्मा एवं मनीष राठौड़ ने द्वितीय स्थान एवं अंकित अरोड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशु भाषण प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की मनीषा राठौड़ ने प्रथम स्थान, द्वितीय वर्ष की नम्रता गुप्ता एवं नेहा शर्मा ने द्वितीय स्थान एवं द्वितीय वर्ष की प्रियंका राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतरसदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिंदी भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सफायर सदन ने प्रथम, एमरल्ड सदन ने द्वितीय एवं पर्ल सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं की निर्णायक संस्थान की भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष बबीता अहलूवालिया ने प्रतिभागियों की प्रतिभा को विभिन्न स्तरों पर परखा। अंत में प्राचार्या अर्चना जैन ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आभार जताया।

**देश में सैनिक स्कूलों की संख्या हुई 56**

# यहां से तपकर खरा सोना बन निकलते हैं 'कैडेट'



बेधड़क | जयपुर

सैनिक स्कूल में अपने बच्चे का एडमिशन कराने बहुत से अभिभावकों का तो सपना होता ही है, बच्चे भी आर्म्ड फोर्सेस से जुड़े इन स्कूलों से पढ़कर अपने आपको शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना चाहते हैं। देश में 23 नए सैनिक स्कूल खुलने की घोषणा के साथ यहां एडमिशन चाहने वाले बच्चों के लिए उम्मीदों का एक नया आकाश तैयार हो गया है। लेकिन, सैनिक स्कूल क्यों बच्चों और उनके अभिभावकों को आकर्षित करते हैं यह भी अहम है। दरअसल, यहां की बेहतर शिक्षा व्यवस्था, अनुशासन और पासआउट होने वाले बच्चों का शानदार कॅरियर लोगों को आकर्षित करता है।

देशभर के सैनिक स्कूलों में दाखिले ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम (AISSEE) के माध्यम से होते हैं। यह प्रवेश परीक्षा हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित की जाती है। इसी परीक्षा के माध्यम से देशभर के सभी सैनिक स्कूलों की छठी और नौवीं कक्षा में दाखिला दिया जाता है। छठी कक्षा में दाखिला लेने के लिए बच्चे की उम्र 10 से 12 साल के बीच होनी चाहिए, जबकि नौवीं कक्षा में दाखिले के लिए उम्र सीमा 13 से 15 साल के बीच है। सैनिक स्कूलों में दाखिले छात्रों की परीक्षा में परफार्मेंस और मेडिकल फिटनेस को देखकर दिए जाते हैं। देश के सैनिक स्कूलों में अब बेटियों का भी प्रवेश शुरू हो गया है।

वे किसी भी सैनिक स्कूल में एडमिशन के लिए आवेदन कर सकती हैं। खास बात ये है कि कोई भी छात्र केवल एक सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए ही आवेदन कर सकता है। AISSEE के लिए आवेदन पत्र आमतौर पर अक्टूबर से नवंबर माह के दौरान भरे जाते हैं और इसकी परीक्षा जनवरी में होती है।

### कई क्षेत्रीय भाषाओं में दे सकते हैं छठी की प्रवेश परीक्षा

AISSEE के लिए एनटीए द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। परीक्षा में शामिल होने के लिए एससी और एसटी वर्ग के लिए 400 रुपए चुकाने पड़ते हैं, जबकि सामान्य, ओबीसी व अन्य सभी वर्गों के लिए 550 रुपए जमा करनी पड़ती है। परीक्षा ऑफलाइन होती है। पेपर में सभी प्रश्न मल्टीपल चॉइस के आते हैं। छठी कक्षा के पेपर कई क्षेत्रीय भाषाओं में होते हैं। इसमें मैथ, इंटेलिजेंस, लैंग्वेज व जनरल नॉलेज के चार वर्ग होते हैं। छठी कक्षा के लिए होने वाला पेपर हिंदी, अंग्रेजी के साथ बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उड़िया, असमिया और उर्दू भाषा में दिया जा सकता है। नौवीं कक्षा के लिए परीक्षा सिर्फ अंग्रेजी माध्यम से होती है। टेस्ट के सभी क्वालिफाइड छात्रों की एक मेरिट बनती है, जिसमें चुने गए स्कूल में कैटेगरी, मेडिकल फिटनेस और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर अंतिम चयन किया जाता है।

### शार्प माइंड-स्ट्रॉन्ग बॉडी का शानदार मेल

भारत में सैनिक स्कूल भारतीय रक्षा मंत्रालय की सैनिक स्कूल सोसायटी के द्वारा चलाए जाते हैं। सैनिक स्कूल में छात्रों को एनडीए के जरिये भारतीय सेना में अफसर बनने के हिसाब से तैयार किया जाता है। सेना की जरूरतों के हिसाब से ही यहां दाखिला पाने वाले बच्चों को ट्रेनिंग दी जाती है, उसी हिसाब से पढ़ाया जाता है। ये अंग्रेजी माध्यम के बोर्डिंग स्कूल होते हैं। यहां पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की प्रैक्टिस, निशानेबाजी, घुड़सवारी समेत तमाम तरह की फिजिकल ट्रेनिंग भी दी जाती है। यहां पढ़ने वाले सभी छात्रों के नाम के आगे कैडेट शब्द का इस्तेमाल होता है।

## बच्चों ने इंजीनियर्स के साथ भरी सपनों की 'उड़ान'



**जयपुर।** एसकेआईटी जयपुर कॉलेज के ग्रामोत्थान क्लब ने इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सरकारी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन किरण राठी और डॉ. शुभी जैन ने किया। कार्यक्रम डॉ. अर्चना सक्सेना की ओर से मोटिवेशनल सत्र के साथ शुरू हुआ। मोटिवेशनल सत्र के बाद एक नृत्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों नें ऊर्जा से भरे हुए रोचक नृत्य प्रदर्शन से समां बांध दिया। इसके बाद मजेदार और रोचक खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों को उपहार बांटने के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सीबीएसई LOC भरने की अंतिम तिथि अब 28

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए लिस्ट ऑफ कैंडिडेट (LOC)फॉर्म भरने की तारीख आगे बढ़ा दी है। कक्षा 10वीं व 12वीं के लिए एलओसी भरने की अंतिम तारीख अब 28 सितंबर कर दी गई है। उम्मीदवार सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर आधिकारिक सूचना देख सकते हैं।

गौरतलब है कि पहले एलओसी भरने की अंतिम तिथि 18 सितंबर थी। आधिकारिक नोटिस के अनुसार विलंब शुल्क के साथ एलओसी भरने की तिथि 29 सितंबर से 5 अक्तूबर रहेगी। एफीलिएटेड स्कूल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध ई-परीक्षा लिंक के माध्यम से विवरण जमा कर सकते हैं। छात्रों को भविष्य में कोई परेशानी न हो, इसके लिए स्कूलों को छात्रों का सही डेटा भरना होगा। शनिवार को जारी किए गए नोटिस में निर्धारित सामान्य शुल्क के अलावा विलंब शुल्क प्रति उम्मीदवार 2 हजार रुपए है। कक्षा 12 के लिए व्यावहारिक शुल्क भारत और नेपाल के स्कूलों के लिए प्रति उम्मीदवार प्रति व्यावहारिक विषय 150 रुपए है और विदेश में स्कूलों के लिए प्रति उम्मीदवार प्रति व्यावहारिक विषय 350 रुपए है। माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए शुल्क 350 रुपए प्रति उम्मीदवार है। दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को कक्षा 10, 12 के लिए परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

**आयोजन** | **कानोड़िया कॉलेज में आयोजित हुआ टॉक शो**

# स्टूडेंट्स ने खंगाले भौतिक शास्त्र में कॅरिअर के अवसर

बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को फीजिक्स के फील्ड में कॅरिअर अपॉर्च्युनिटीज के बारे में समझा। कॉलेज के भौतिक शास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को 'भौतिक शास्त्र में कॅरिअर संभावनाएं एवं अवसर' विषय पर टॉक शो आयोजित किया गया।



मनिपाल विश्वविद्यालय के भौतिकशास्त्र के सह-आचार्य डॉ. निलंजन ने स्टूडेंट्स को भौतिक शास्त्र के क्षेत्र में संभावनाओं पर व्याख्यान दिया। स्वागत उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को भौतिक शास्त्र विषय में इनोवेशन करने व उसे पेटेंट करवाने के लिए भी प्रेरित किया।

डॉ. निलंजन ने भौतिक शास्त्र विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के बाद सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में कॅरिअर की संभावनाओं व अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। व्याख्यान के बाद विज्ञान संकाय की उप प्राचार्या डॉ. रंजना अग्रवाल ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। समापन पर प्राध्यापिका डॉ. मनीषा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

### कार्यशाला में सीखीं थिएटर टैक्निक्स

कॉलेज के पब्लिक स्पीकिंग एंड थियेटर क्लब की ओर से चल रही तीन दिवसीय एंकरिंग कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। प्रशिक्षक मधु गुडलानी ने छात्राओं को विभिन्न एंकरिंग तकनीकें, मंच संचालन, स्टेज फियर, हिचकिचाहट, आत्मविश्वास व सार्वजनिक भाषण की मूल समझ के साथ-साथ विस्तृत दृष्टिकोण दिया। छात्राओं को इस कार्यशाला में महत्वपूर्ण शब्दावली, उच्चारण एवं संदर्भिक उपयोग, वॉयस माड्युलेशन, लचीलापन और दर्शकों के साथ जुड़ाव के महत्व को समझने तथा एंकरिंग कौशल को समृद्ध करने का अवसर मिला। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को एंकरिंग में रचनात्मकता, संभावित परिदृश्यों की अवधारणा की जानकारी दी। कहा कि एक अच्छा पाठक एक अच्छा वक्ता बनता है। क्लब संयोजक डॉ. प्रीति शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### दिए ओजोन परत बचाने के रचनात्मक संदेश

कॉलेज के वनस्पति शास्त्र एवं भूगोल विभाग की ओर से विश्व ओजोन दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग, रंगोली व क्विज में विजेता छात्राओं सेजल, निहारिका, मोनिका, किरण एवं रुचिका को उप-प्राचार्य, विज्ञान संकाय डॉ. रंजना अग्रवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु गुप्ता ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में वनस्पति शास्त्र विभाग की प्राध्यापिकाएं डॉ. ऋतु जैन, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. अपर्णा राठौड़, योगिता सोलंकी,



डॉ. कामाक्षी तोमर एवं डॉ. दीपिका आर्य के साथ लगभग 50 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संचालन छात्रा प्रियंका चौधरी एवं वंशिका शर्मा ने किया। भूगोल विभाग में 'मोन्ट्रल प्रोटोकॉल: फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंज' थीम पर छात्राओं ने ओजोन परत संरक्षण पर पोस्टर एवं मॉडल बनाकर प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं को जागरुक किया। विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम बागेश्वरी ने भी छात्राओं को विषय के महत्व को समझाया। संचालन शगुन यादव, तेजल शर्मा, हार्दिका, दीक्षा, आस्था सिंह झा, अर्पिता पारीक, कोमल, लक्षिता डांगा, संजना एवं पलक ने किया।

## अद्भुत विशेषताओं को समेटे हुए है आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित शिव मंदिर

# त्रेतायुग में गिरे उल्कापिंड से बना है गुड्डीमल्लम शिवलिंग




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### शाश्वत सनातन

*गुड्डीमल्लम मंदिर का निर्माण तीसरी शताब्दी के दौरान हुआ था। सुवर्ण नदी के किनारे स्थित इस मंदिर के शिवलिंग को एशिया का सबसे प्राचीन शिवलिंग माना जाता है। इसका शिवलिंग अत्यधिक विशेष है, क्योंकि यह आसमान से गिरे उल्का पिंड से बना है और उसमें अपार आध्यात्मिक शक्ति मानी जाती है। मंदिर के इतिहास के अनुसार, यहां का शिवलिंग एक गोलाकार बर्तन से बना है और इसके वास्तुकला में द्रविड़ियन, चालुक्य और पल्लव शैलियों का मिश्रण है। इसमें त्रिमूर्तियां भी दिखाई देती हैं - भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु, और भगवान शिव। इसके अलावा यहां कई महत्वपूर्ण त्योहार आयोजित होते हैं और मंदिर के पुजारी नियमित अनुष्ठान करते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य जीवन की सभी बाधाओं को दूर करने और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करना है। गुड्डीमल्लम मंदिर शिव के अद्वितीय और प्राचीन लिंग के रूप में विशेष प्रसिद्ध है, जो इसे आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बनाता है।*

आंध्रप्रदेश में गुड्डीमल्लम शिव मंदिर अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। इस मंदिर के शिवलिंग में अद्भुत विशेषताओं का संगम है। इसका निर्माण तीसरी शताब्दी के दौरान किया गया था, यह सुवर्ण नदी के किनारे स्थित एशिया का सबसे प्राचीन शिवलिंग है। गुड्डीमल्लम मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित है और यह दुनिया के कुछ महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है। इस मंदिर में शिवलिंग को गहरे कॉफी के रंग के पत्थर से बनाया गया है। माना जाता है कि यह शिवलिंग पृथ्वी के किसी भी पत्थर से बना हुआ नहीं है, बल्कि त्रेता युग के दौरान आसमान से गिरे उल्का पिंड से बना हुआ है। इसका धार्मिक महत्व भी अत्यधिक माना जाता है। यही कारण है कि यहां वर्षभर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की भीड़ रहती है।



### अद्वितीय है मंदिर की वास्तुकला

गुड्डीमल्लम मंदिर की वास्तुकला अद्वितीय है। यह द्रविड़ियन, चालुक्य, और पल्लव शैलियों का संगम है। इस मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति है और यहां की नक्काशीदार मूर्ति अत्यंत प्रसिद्ध है। इस मंदिर को अद्भुत बनाता है शिवलिंग का विशेष रूप। शिवलिंग जिससे बना है वह उल्कापिंड लगभग 70,000 साल पुराना माना जाता है और तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में खोजा गया था। शिवलिंग लोहे, निकल, और अन्य खनिजों से बना है और कहा जाता है कि इसमें अपार आध्यात्मिक शक्ति है।





### रोचक है मंदिर का इतिहास

गुड्डीमल्लम मंदिर का इतिहास अत्यंत रोचक है। कहा जाता है कि इस मंदिर का आरंभ एक ब्राह्मण पुजारी नरसिम्हा स्वामी द्वारा हुआ था। वे एक दिन जंगल में अपने मवेशियों के साथ थे और वह शिवलिंग की खोज में थे। उन्होंने देखा कि एक गाय रोज एक खास तरीके से गायब हो जाती है। वे उसके पीछे गुफा तक पहुंचते हैं। गुफा में उन्होंने एक शिवलिंग देखा। इस अद्वितीय और प्राकृतिक शिवलिंग की ब्यूटी और ऊर्जा ने नरसिम्हा स्वामी को प्रभावित किया और उन्होंने वहां रहने और खुद को भगवान शिव को समर्पित करने का संकल्प लिया। उन्होंने गुफा को मंदिर में बदल दिया और क्षेत्र के लोग शिवलिंग की पूजा के लिए आने लगे। समय के साथ आसपास में मंदिर का विस्तार होता गया और अब यह भगवान शिव के भक्तों के लिए एक प्रमुख तीर्थ स्थल है।

## भगवान परशुराम ने की थी यहां तपस्या



इस मंदिर का इतिहास अपनी जनश्रुति के लिए प्रसिद्ध है। एक पुरानी किंवदंती के अनुसार भगवान परशुराम की मां रेणुका पर कुपित ऋषि जमदग्नि ने आदेश दिया था कि वह अपनी मां का वध करें। परशुराम ने अपने पिता की बात मानी और मां का वध कर दिया, लेकिन उन्होंने इस कृत्य के बाद पश्चाताप किया। उन्होंने अपने पिता से मां को वापस लाने की मांग की । उन्होंने इसे पूरा करने के लिए तपस्या करने का संकल्प लिया। तपस्या के दौरान परशुराम गुड्डीमल्लम में गए। वहां उन्हें शिव की पूजा करने का सुझाव मिला। कई दिनों की तपस्या के बाद, परशुराम गुफा में पहुंचे और एक तालाब खोदने का काम शुरू किया। प्रतिदिन तालाब में एक फूल पैदा होता था और परशुराम उसे शिव को समर्पित करते थे। एक दिन एक यक्ष चित्रसेन नामक जीव को फूल की रक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया। बाद में पता चला कि वह भगवान ब्रह्मा का रूप था। इस यक्ष ने एक शर्त रखी कि फूल की रक्षा के बदले में उसको एक जानवर और ताड़ी का एक बर्तन दिया जाए। परशुराम ने इसे मान लिया और प्रतिदिन चित्रसेन के लिए जानवर का शिकार करते थे। एक दिन जब परशुराम शिकार के लिए बाहर गए तो चित्रसेन ने शिव की पूजा करने का मन किया। उन्होंने फूल की रक्षा के लिए शिव के लिए एक ही फूल का उपयोग किया। फूल के गायब होने पर परशुराम क्रोधित हो गए और चित्रसेन पर हमला कर दिया। परशुराम और चित्रसेन के बीच भयंकर युद्ध हुआ। तब भगवान शिव ने प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिए और सायुज्य मुक्ति का आशीर्वाद दिया। मंदिर के बारे में इस अद्वितीय कथा ने इसका महत्व और बढ़ा दिया। अब यह स्थानीय लोगों का पूजास्थल तो है ही यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है।


## आध्यात्मिक ज्ञान का केंद्र है मंदिर

गुड्डीमल्लम मंदिर में नियमित अनुष्ठान होते हैं और शिवलिंग की पूजा की जाती है। यह शिवलिंग भगवान शिव की दिव्य ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह धार्मिक स्थल भक्तों के लिए महत्वपूर्ण है और यहां साल भर में कई त्योहार मनाए जाते हैं। महा शिवरात्रि, वैकुंठ एकादशी, और कार्तिक पूर्णिमा जैसे त्योहारों के दौरान, मंदिर में भव्य उत्सव मनाए जाते हैं। महा शिवरात्रि के दौरान मंदिर में पांच दिवसीय भव्य उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश भर से लाखों भक्त आते हैं। गुड्डीमल्लम मंदिर का इतिहास और वास्तुकला, इसके एक अद्वितीय शिवलिंग का महत्व और उसके बारे में प्रचलित जनश्रुति इसकी अहमियत और बढ़ा देते है। यह स्थल भगवान शिव के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल तो है ही, इसके साथ ही ध्यानिक स्थल के रूप में भी इसकी अलग पहचान है। यहां पर लोग आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए आते हैं।

---

### कविता

## डर






**डॉ. सत्यनारायण**
मा वरिष्ठ साहित्यकार


1
दरख्त के साथ
रहकर
हम दरख्त हो जाते हैं
वनचर के साथ
वनचर
हवा की तरह डोलते हैं
हवा के संग
पानी के साथ तो
जन्मते ही हैं
पहाड़ हमे सिखाते हैं
डटे रहो
और हम डिगे नहीं
युगों से
2
दरख्त खड़े हैं
अपनी जड़ों पर
हम भी
दरख्तों को
काटे जाने का डर है
और हमें
अपनी छाया छिन जाने का
3
रेगिस्तान की
खेजड़ी हो
या
छत्तीसगढ़ का महुआ
डर हरा हो रहा है
दरख्त नहीं

### शब्दों की सीख

# ...और मुस्कुरा पड़ा घर




**महेश कुमार केशरी**
बोकारो, झारखंड


इस घर में अब कोई कमी नहीं है, लेकिन एक पिता की कमी इस घर में है। आज से आप इस घर में हमारे चाचा नहीं पिता की हैसियत से रह सकते हैं। आप उनकी जगह लेकर इस घर की और हम बच्चों की देखभाल पहले की तरह करते रहें। यह आपसे हमारी एक विनती है। हां! अजय ठीक कह रहा है। मंगत जी आप यहीं रहें और बच्चों की देखभाल करें। बिना बुजुर्गों के घर सूना-सूना सा लगता है। मंगत चाचा की आंखें अब भीगने लगी थीं। कहां तो वे ये सोच रहे थे कि वो कहां और किसके पास जाकर और रहेंगे? और कहां तो उन्हें इतना प्यार मिल रहा था।

मंगत बाबू। मोती बाबू के पुराने मुलाजिमों में से एक थे। मोती बाबू का देहांत हाल ही में हो गया था। मोती बाबू ने इसी छोटे से गल्ले की दुकान से अपने दोनों बच्चों को पढ़ाया-लिखाया था, जहां मंगत बाबू काम करते थे। आज मोती बाबू के दोनों बच्चे अंकित और अजय ऊंची जगह पर किसी बड़ी कंपनी में काम कर रहे थे। मोती बाबू के जाने के बाद मंगत बाबू अब इस घर में अकेले बुजुर्ग बचे थे। बचपन से लेकर जवानी और यहां तक कि लगभग पूरा बूढ़ापा भी उन्होंने इसी परिवार की सेवा में काट दिया था। अंकित और अजय को वो बचपन से ही बड़ा होता देख रहे थे।

घर में अब अंकित, अजय और उनकी पत्नियां दर्शी और प्रीति रहते थें। मोती बाबू की पत्नी सरला देवी अक्सर बीमार रहती थीं। चूंकि मोती बाबू की दुकान अब बंद हो गई थी। इसलिए मंगत बाबू की जरूरत अब उस दुकान पर नहीं रह गई थी। मंगत बाबू ने शादी नहीं की थी ऐसे में उनकी कोई आस-औलाद भी नहीं थी। मंगत बाबू ने इधर सालों से अपने रिश्तदारों से भी कोई संपर्क नहीं साधा था। वे बड़ी दुविधा में थे कि उनका तो कोई घर भी नहीं है। भला अब इस बुढ़ापे में वो आखिर कहां जाएंगे? इस उम्र में आखिर एक बूढ़े नौकर को भला कौन रखेगा? किसी तरह दस दिनों तक वे रुके रहे। जब मोती बाबू के सारे मेहमान विदा हो गए तो वो भी चलने को हुए। दो जोड़ी कपड़े और कुछ जरूरत का सामान ट्रंक में रखकर वो घर से बाहर निकलने को हुए। जाने से पहले सरला देवी और अजय, अंकित को बताना भी तो जरूरी था कि वो जा रहे हैं। उन्हें ये बात कहते हुए झिझक भी हो रही थी।

लगभग चालीस साल का संबंध ऐसे ही खत्म थोड़े होता है। उन्होंने छड़ी, धोती और ट्रंक संभाला और बैठक में आ गए। अंकित से बोले-अच्छा अंकित बाबू अब आज्ञा दीजिए। परमात्मा की कृपा से मैंने जीवन में मोती बाबू और आप लोगों की बहुत सेवा की। अब मोती बाबू नहीं रहे और दुकान भी बंद रहती है। ऐसे में अब मेरी जरूरत इस दुकान में नहीं है।

इसलिए मुझे अब आज्ञा दीजिये अंकित बाबू। गांव जाकर वहीं कोई खेती बाड़ी या कोई दूसरा छोटा-मोटा काम करूंगा। मंगत बाबू की बात सुनी तो


दफ्तर के लिए निकल रहा अंकित वहीं रुक गया। आश्चर्य से मंगत बाबू का सामान हाथ से लेकर जमीन पर रखते हुए बोला- आप इस उम्र में भला कहां जाएंगे मंगत चाचा? आप कहां जाकर रहेंगें? चालीस साल तक आपने हमारी सेवा की और अब अचानक ही ऐसे-कैसे चले जाएंगें? आपका तो गांव में कोई घर भी नहीं है। आप कहां जाकर रहेंगें? किसी ने घर में आपसे कुछ कहा है क्या?

अंकित ने वहीं से अपनी पत्नी और मां को आवाज दी। अंकित की पत्नी दर्शी और मां सरला देवी बैठक में आ गईं। अंकित ने मां और दर्शी को मंगत चाचा के घर से जाने की बात बताई।

अंकित की बात सुनकर सभी लोग सकते में आ गए। प्रीति भी काम छोड़कर अंकित की बात सुनने के लिए बैठक में आ गई। अजय मार्केट गया हुआ था, कोई सामान लाने। यह बात सुनी तो उसे भी झटका लगा। उसने कहा- आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है मंगत चाचा। जैसे आप हमारे घर में पहले से रहते आ रहे थे, वैसे ही आगे भी रहेंगे। बाबूजी हमारे साथ रहते थे तो हमें बहुत हिम्मत थी।

उनके आशीर्वाद से इस घर में अब कोई कमी नहीं है, लेकिन एक पिता की कमी इस घर में है। आज से आप इस घर में हमारे चाचा नहीं पिता की हैसियत से रह सकते हैं। आप उनकी जगह लेकर इस घर की और हम बच्चों की देखभाल पहले की तरह करते रहें। यह आपसे हमारी एक विनती है। हां! अजय ठीक कह रहा है। मंगत जी आप यहीं रहें और बच्चों की देखभाल करें। बिना बुजुर्गों के घर सूना-सूना सा लगता है। सरला देवी आंखों के कोर पोंछती हुई बोलीं। मंगत चाचा की आंखें अब भीगने लगी थीं।


कहां तो वे ये सोच रहें थे कि वो कहां और किसके पास जाकर और रहेंगे? और कहां तो उन्हें इतना प्यार मिल रहा था। भला इतना प्यार पाकर कोई कहां जा सकता था। दर्शी और प्रीति ने मंगत चाचा का ट्रंक और छाता हाथ से ले लिया और उनके कमरे में रख आईं। ऐसा होते देख घर भी मुस्कुरा पड़ा।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बिहार के मधुबनी में रैली, नीतीश कुमार व लालू प्रसाद यादव पर बरसे

# जद (यू )-राजद का मेल तेल व पानी जैसा, कभी एक नहीं हो सकते

एजेंसी | पटना



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बिहार के दौरे पर रहे। उन्होंने राज्य के मधुबनी जिले के झंझारपुर में पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए राज्य की महागठबंधन सरकार पर जमकर बरसे और राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि जद यू जेडीयू और आरजेडी कभी एक नहीं हो सकते, इनका मेल तेल और पानी जैसा है। राज्य की महागठबंधन सरकार पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि ये जो स्वार्थी गठबंधन बना है, बिहार को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जाने वाला है। झंझारपुर वालों आपको फिर से जंगलराज चाहिए क्या? लालू यादव अब सक्रिया हो गए हैं और नीतीश निष्क्रिय हो गए हैं तो आप समझ सकते हैं कि बिहार कैसे चलेगा। पहले यूपीए के नाम से काम करते थे और अब इंडिया, नाम क्यों बदला?

### 40 की 40 सीटें एनडीए को जिताएं

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि 2024 में चुनाव आने वाला है। मैं बिहार की जनता का इसलिए धन्यवाद करना चाहता हूं कि 2014 में 40 प्रतिशत वोट और एक 31 सीटों के साथ आपने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम किया। 2019 में 53 प्रतिशत वोट और 39 सीट देकर आपने प्रधानमंत्री बनाया। मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार 39 का रिकॉर्ड तोड़कर 40 की 40 सीट राजग और भाजपा को जिताएंगे।

### दुनिया का नेतृत्व कर सकता है भारत

अमित शाह ने कहा कि जी20 ने देश के गरीब, युवा, किसान सबके लिए अनेक मौकों को खोलने का काम किया। भारत के साथ दुनिया के कई देश व्यापार करने के लिए लालायित हैं। भारत आने वाले दिनों में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है।

### लालू प्रसाद यादव पर साधा निशाना

लालू यादव व नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि रेलवे मंत्री रहते हुए लालू यादव पर भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। नीतीश कुमार अब भ्रष्टाचार को नहीं देख रहे हैं। उनको मालूम है बिहार के विकास के लिए यूपीए ने कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचार किया, इसलिए यूपीए के नाम से नहीं आ रहे हैं। ये इंडिया नाम से आ रहे हैं। नाम कोई भी बदले। उन्होंने कहा कि ये वही लालू प्रसाद हैं जिसने बिहार को सालों तक पीछे धकेलने का काम किया।

### दरभंगा एम्स पर भी बोले अमित शाह

अमित शाह ने अपने भाषण में दरभंगा एम्स का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दरभंगा में एम्स प्रस्तावित किया। नीतीश सरकार ने इसके लिए 81 एकड़ जमीन मेडिकल कॉलेज में दी, लेकिन फिर इसे वापस ले लिया गया। बाद में उन्होंने ऐसी जगह जमीन दी जहां सिर्फ गड्ढे हैं। इस वजह से वहां एम्स नहीं बन पा रहा। अगर बिहार सरकार 81 एकड़ जमीन वापस नहीं ली होती, तो एम्स दरभंगा में बन गया होता और मरीजों का इलाज हो रहा होता।

### लालू प्रसाद यादव से किए सवाल

अमित शाह ने कहा, कोशी महासेतु जिसे अटल जी ने शुरू किया था, उसे यूपीए सरकार ने ठंडे बस्ते में डाला, उसे पूरा करने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया। मैं लालू जी को पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक सत्ता में भागीदार थे, यूपीए की सरकार थी, आपने इस दौरान बिहार को क्या दिया।

## एससी-एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए: वैद्य



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव मनमोहन वैद्य ने मणिपुर हिंसा को लेकर भी चिंता जताई है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे समाज ने कई वर्षों तक एससी और एसटी समुदाय को सम्मान, सुविधाओं और शिक्षा से वंचित रखा है। उन्हें एक साथ लाने के लिए संविधान समर्थित आरक्षण है, उन्हें यह मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य आरक्षणों की मांगें राजनीतिक हैं इसलिए हमने इस पर चर्चा नहीं की। महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरू हुई थी, जिसमें संघ से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान मौजूदा सामाजिक व राष्ट्रीय परिदृश्य, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षा, राष्ट्रसेवा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

## कावेरी जल विवाद: तमिलनाडु केंद्र को सौपेगा ज्ञापन



**चेन्नई।** कावेरी जल विवाद को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच खींचतान जारी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि राज्य के सभी दल केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को एक ज्ञापन सौंपेंगें। जिसके लिए राज्य से एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन करेंगे। इस ज्ञापन के जरिए केंद्र से आग्रह करेंगे कि वह कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने की सलाह दें।

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भाजपा व केंद्र सरकार पर प्रहार

# मणिपुर व नूंह की घटनाएं देश की छवि पर धब्बा: खरगे

■ पार्टी ने चुनावी रणनीति पर किया मंथन, जातिगत जनगणना पर जोर

एजेंसी | हैदराबाद

मल्लिकार्जुन खरगे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी की पुनर्गठित कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक शनिवार को हैदराबाद में हुई जिसमें अगले साल के लोकसभा और इस वर्ष होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की रणनीति, संगठन तथा कई अन्य विषयों पर मंथन किया गया। इस बैठक में खरगे ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किया।

उन्होंने मणिपुर हिंसा, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में सांप्रदायिक तनाव की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि देश गंभीर आंतरिक चुनौतियों से घिरा है और भाजपा आग में घी डालने का काम कर रही है। उन्होंने जी20 के आयोजन पर हुए खर्च को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, रोटेशन के तौर पर मिली जी 20 की अध्यक्षता के आयोजन में 4 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए और अब रोटेशन से इसकी अध्यक्षता ब्राजील को मिल चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठकों की सफलता के बाद सरकार ने जांच एजेंसियों को विपक्षी दलों से बदला लेने के लिए लगा दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मणिपुर और नूंह की घटना से देश की छवि पर धब्बा लगा है। वहीं, खरगे ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना शुरू कराने की मांग की। मणिपुर और नूंह की घटनाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी घटनाएं आधुनिक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष भारत की छवि पर धब्बा लगाती है। इससे देश का 'सर्वधर्म समभाव' बिगाड़ता है। हमें मिलकर ऐसी ताकतों की पहचान करके उन्हें बेनकाब करते रहना है।



### बोले खरगे

● कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे- कांग्रेस ने हमारे महान देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, तरक्की और बराबरी की लड़ाई लड़ी है। हम देश की अखंडता के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### बड़े नेता बैठक में शामिल

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कार्य समिति की बैठक से पहले खरगे ने पार्टी का ध्वज फहराया।

### जाति जनगणना शुरू करने की मांग

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारी मांग है कि 2021 जनगणना की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। उसके साथ ही जातिगत जनगणना भी कराई जाए, ताकि समाज के जरूरतमंद तबके को स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी और खाद्य सुरक्षा समेत दूसरे हक मिल सकें। खरगे ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद बने देश की बहुमूल्य सार्वजनिक उपक्रमों को मोदी सरकार चंद पूंजीपति मित्रों के हवाले कर रही है। उनके फायदे के लिए नीतियां बदली जा रही हैं, उनके हक के कानून बन रहे हैं। पिछले दिनों पीएम के करीबी कारोबारी की कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपए का शेल कंपनियों द्वारा निवेश हुआ। इसका पर्दाफाश होने पर भी मोदी सरकार जांच नहीं करा रही है। सारे बड़े घोटालों पर सरकार मौन है, पर्दा डाल रही है। आजकल सरकार तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी का सपना बेच रही है। इन नारों से देश की उन्नित नहीं होगी। पीएम और बीजेपी नेताओं के हमलों से हमारे 'इंडिया' गठबंधन की 3 बैठकों की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है. हमारा कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, इनके हमले तेज होंगे। 'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में हुई बैठक के बाद ईडी, आईटी, सीबीआई को सरकार ने विपक्षी नेताओं से राजनीतिक बदला लेने के लिए लगा दिया है। ये स्वस्थ लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है, लेकिन अफसोस कि यही हकीकत है।

### बीआरएस और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार

तेलंगाना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक को लेकर सत्ताधारी बीआरएस और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार देखने को मिला। हैदराबाद में मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव की तस्वीर के साथ 'बुक मॉय सीएम' और '30 प्रतिशत कमीशन' नारे लिखे हुए पोस्टर लगे हुए नजर आए। कई जगह कांग्रेस के खिलाफ भी पोस्टर-बैनर लगे हैं। एक पोस्टर में लिखा है- 2004 से 2014 तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने अनुसूचित जाति वर्गीकरण के के नाम पर दलितों को बेवकूफ बनाया था। कांग्रेस एक बार फिर गांरटी के नाम पर ऐसा करना चाहती है।

छत्तीसगढ़ में केजरीवाल का ऐलान

## 'आप' की सरकार बनी तो लागू करेंगे पेसा कानून



एजेंसी | छत्तीसगढ़

आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में अगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। आप के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को राज्य के बस्तर के जगदलपुर शहर में आम आदमी पार्टी को सभा को संबोधित किया और कई चुनावी वादे किए।

केजरीवाल ने सभा में अपनी पार्टी की ओर से दसवीं गारंटी देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो एक महीने में पेसा कानून लागू कर दिया जाएगा और बस्तर में जल, जंगल, जमीन पर पूरा अधिकार ग्राम सभा को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बस्तर में उद्योगपतियों के द्वारा आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को हड़पा जा रहा है, ऐसा बिल्कुल होने नहीं दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा धर्म और जाति के नाम पर प्रदेश का माहौल खराब कर रही है. छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ बस्तर की जनता जान गई है कि इस तरह के विचारों से प्रदेश का विनाश हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर, रायपुर और अब बस्तर में जिस तरह की भीड़ सभा में देखने को मिली है, ऐसे में यह तय हो गया है कि छत्तीसगढ़ की जनता बदलाव चाहती है।

### क्या है पेसा कानून

पेसा कानून का पूरा नाम है- पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरियाज एक्ट। 1986 में पंचायती राज व्यवस्था में अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार करते हुए पेसा कानून की शुरुआत हुई। इस कानून की तीन प्रमुख बाते हैं- जल, जंगल और जमीन का अधिकार। भूमि के इस अधिकारों के तहत आदिवासियों को मजबूत बनाने की बात कही गई है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव की तैयारी

## कोविंद समिति की पहली बैठक 23 को, विभिन्न मसलों पर होगा मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शनिवार को बताया कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति की पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। बता दें कि केंद्र की मोदी सरकार ने दो सितंबर को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर गौर करने करने के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इस उच्च स्तरीय समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया था। कोविंद ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। वह एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर में थे।



समिति एक साथ चुनावों के लिए संभावित परिदृश्यों का विश्लेषण करेगी और सिफारिश करेगी जैसे त्रिशंकु विधानसभा या अविश्वास प्रस्ताव को अपनाना और एक रूपरेखा बनाना। साथ ही यह उस समय सीमा का सुझाव देगी जिसके भीतर चुनाव कराए जा सकते हैं।

## मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए 45,000 करोड़ का पैकेज घोषित

**मुंबई।** मराठवाड़ा क्षेत्र के विकास के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 45,000 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की है। इसके साथ ही, उन्होंने 14,000 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं के लिए संशोधित प्रशासनिक मंजूरी की भी घोषणा की। राज्य मंत्रिमंडल की एक विशेष बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने पैकेज की बात कही। घोषित पैकेज के तहत परभणी और नांदेड़ में नए मेडिकल कॉलेज खोलने का ऐलान किया गया है।

टीएमसी ने कांग्रेस को दिया संदेश

## तृणमूल कांग्रेस व वाम दलों में किसी एक पार्टी का करना होगा चुनाव

एजेंसी | कोलकाता

विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने के बावजूद पश्चिम बंगाल में बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी के बीच खींचतान की खबर है। सूत्रों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस ने अपना रुख सख्त करते हुए कांग्रेस कांग्रेस को यह संदेश देने का फैसला किया है कि वह टीएमसी या माकपा के नेतृत्व वाले वामपंथियों के बीच किसी एक का चयन करे। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के नरम होने के बावजूद, कांग्रेस द्वारा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी को निशाना बनाए जाने से शीर्ष तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व नाराज है।




### इस बात पर है खफा

कांग्रेस सहित विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटकों द्वारा अभिषेक बनर्जी के साथ एकजुटता व्यक्त करने के बावजूद राज्य कांग्रेस के नेताओं ने अपने हमले जारी रखे हैं। अभिषेक बनर्जी 13 सितंबर को इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में भाग नहीं ले पाए थे क्योंकि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए तलब किया था।़र

तेलंगाना की चिट्ठी

# KCR का ओबीसी मतों को साधने का दांव, क्या बनेगा अंगद का पांव!

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना में अगामी विधानसभा चुनाव के लिए सत्ता की दावेदार तीनों प्रमुख पार्टियां अपना अपना चुनावी शंखनाद करने की तैयारी में है। कांग्रेस की कार्यसमिति की हैदराबाद में बैठक हो रही है। रविवार को पार्टी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक है और एक जनसभा भी है।





माना जा रहा है कि इसी जनसभा से कांग्रेस अपने चुनाव अभियान का शंखनाद करेगी। दूसरी ओर राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपने चुनाव अभियान को पहले ही गति दे चुकी है। भाजपा भी चुनाव तैयारियों में जुटी है। बीआरएस ने राज्य विधानसभा की 119 सीटों में से 115 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की धोषणा पहले ही कर चुकी है और अब वह सियासी समीकरण साधने में जुटी है।

कांग्रेस की कार्यसमिति की अहम बैठक शुरू होने से पहले सीएम चंद्रशेखर राव ने एक अहम राजनीतिक दांव चला है। उन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण संबंधित विधेयक पारित करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य पिछडा वर्ग के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने का आह्वान किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राव ने विधानसभा चुनाव से पहले यह चर्चा छेड़कर राज्य के ओबीसी वर्ग को साधने की कोशिश की है। इस समय भाजपा पर अपनी चुनावी रणनीति में ओबीसी पर ध्यान केंद्रित किए हुए है और कांग्रेस अपनी बैठक में कुछ कहे इससे पहले ही केसीआर ने यह दांव चल दिया है। केसीआर पहले ही यह घोषणा कर चुके हैं कि बीआरएस 16 अक्टूबर को वारंगल में अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगी। लेकिन पार्टी ने अपनी चुनावी मंशा पहले ही स्पष्ट कर दी है।

दूसरी ओर भाजपा दक्षिण भारत में कर्नाटक के बाद तेलंगाना में अपना प्रभाव मजबूत करने में जुटी है। कर्नाटक में हालांकि भाजपा को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन पार्टी वहां मुख्य विपक्षी दल है और लोकसभा चुनाव से पहले अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटी है। भाजपा दावा कर रही है कि इस बार वह केसीआर का सत्ता में वापसी का सपना पूरा नहीं होने देगी।

हालांकि भाजपा को 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट मिली थी। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने अपने प्रदर्शन को सुधारते हुए 4 लोकसभा सीटें जीती थी। इसीलिए पार्टी का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। वह इस बार के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने का सपना देख रही है। तेलंगाना में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी करीब 54 प्रतिशत है। इसलिए हर पार्टी इन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है।

### दक्षिणी राज्य भाजपा के लिए हैं अहम

दक्षिण भारत में मुख्य रूप से 5 राज्य और 1 केंद्र शासित प्रदेश हैं। जिसमें लोकसभा की कुल 130 सीटें हैं। 2019 में भाजपा कर्नाटक की 28 में 25 सीट और तेलंगाना की 17 में 4 सीट जीत पाई थी। इस हिसाब से दक्षिण के राज्यों की 130 सीटों में भाजपा सिर्फ 29 सीट ही जीत पाई थी जो करीब 22% है यानी 78% सीटें ऐसी हैं जो भाजपा की पहुंच से अभी बहुत दूर है। इसलिए भाजपा तेलंगाना पर खासतौर पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है।

### केसीआर क्या तीसरी बार बनेंगे सीएम !

तेलंगाना के गठन के बाद से 2014 से राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे केसीआर क्या तीसरी बार भी राज्य का नेतृत्व करेंगे यह सवाल अब अहम बनता जा रहा है। 2014 में तेलंगाना के बनने के बाद जून 2014 में केसीआर ने 119 में से 63 सीटें जीतकर तेलंगाना के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद राव ने 2018 में दूसरी बार मुख्यमंत्री का पद संभाला था। 2022 में उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया।

## जरूरी खबर

### पीएम जन्मदिन पर आज यशोभूमि की देंगे सौगात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने जन्म दिन पर राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके में 'यशोभूमि' नामक इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि यशोभूमि दुनिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी हॉल में से एक होगा। यह देश में बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने का प्रधानमंत्री मोदी का एक दृष्टिकोण है। करीब 73,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने कन्वेंशन सेंटर में मुख्य सभागार, भव्य 'बॉलरूम' और 13 बैठक कक्ष सहित 15 कन्वेंशन रूम शामिल हैं।

### अफ्रीका से चीते मंगाने को वरुण ने बताया क्रूरता

**नई दिल्ली।** भाजपा के सांसद वरुण गांधी ने अफ्रीका से चीता मंगाए जाने के मसले को लेकर एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने चीतों को मंगाए जाने को क्रूरता बताया और कहा कि विदेश से जानवरों को मंगाए जाने के बजाए बेहतर होता कि हम अपने यहां की प्रजातियों का संरक्षण करते। गौरतलब है कि भाजपा सांसद पहले भी अपनी सरकार और पार्टी लाइन से इतर बयानबाजी करते रहे हैं। वरुण गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि अफ्रीका से चीते मंगाना और उनमें से नौ को विदेशी धरती पर मरने के लिए छोड़ देना क्रूरता नहीं, बल्कि बेरुखी है। उन्होंने कहा कि हमें इन शानदार प्राणियों के दर्द को बढ़ाने के बजाए अपनी स्वयं की लुप्तप्राय प्रजातियों और आवासों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भाजपा सांसद ने आगे लिखा कि विदेशी जानवरों की इस लापरवाह खोज को तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए।

### BSF ने सीमा पार कर रहे 45 लोगों को किया अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अलग-अलग अभियानों में गैर कानूनी रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश करने के आरोप में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से अधिकतर बांग्लादेशी थे। बीएसएफ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 32 बांग्लादेशी शामिल हैं, जिन्होंने सीमा पार कर भारत आने की कोशिश की, जबकि 13 भारतीय हैं, जिन्होंने अवैध रूप से पड़ोसी देश में जाने का प्रयास किया।

## 84 कलाकार संगीत नाटक अकादमी अमृत अवॉर्ड से सम्मानित




*नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को 84 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी अमृत अवॉर्ड से सम्मानित किया। कला के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को इस दौरान सम्मानित किया गया। इनमें 70 पुरुष और 14 महिलाएं हैं। बता दें कि यह सम्मान 75 साल से ज्यादा के कलाकारों को दिया गया, जिन्हें आज तक कोई राष्ट्रीय सम्मान नहीं मिला है। सम्मानित होने वाले कलकारों में राजस्थान के पांच कलाकारों भी शामिल हैं। सम्मान के तहत कलाकारों को एक लाख रुपए, एक ताम्रपत्र और अंगवस्त्र दिया गया। अवार्ड समारोह के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहीं।*

### मिग विमानों की जगह लेंगे स्वदेशी फाइटर जेट

# तेजस बढ़ाएंगे IAF का तेज, 100 LCA मार्क 1A जेट होंगे शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ सेविल (स्पेन)

भारतीय वायुसेना अपने लड़ाके विमानों के बेड़े को मजबूत करने के लिए अहम कदम उठा रही है। इसके तहत वायुसेना देश में निर्मित 100 एलसीए मार्क 1A फाइटर जेट खरीदेगी।

वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने अपने स्पेन दौरे में इसकी घोषणा की। एलसीए मार्क-1A, स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार प्रणाली लगी हैं। वायुसेना इससे पहले भी 83 एलसीए मार्क-1A विमानों का ऑर्डर दे चुकी है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा, इन स्वदेशी लड़ाकू विमान को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के स्थान पर चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। इस डील का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय और नेशनल सिक्योरिटी स्टेकहोल्डर्स को भेजा जा चुका है। इन विमानों को खरीदने का निर्णय उस समय लिया गया जब पिछले महीने वायुसेना प्रमुख ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और इससे संबंधित संस्थाओं के साथ स्वदेशी लड़ाकू विमान के कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अधिकारी भी शामिल थे। इस डील के पूरे होने के बाद भारत के पास अगले 15 सालों में 40 एलसीए तेजस, 180 से ज्यादा एलसीए मार्क-1A और कम से कम 120 एलसीए मार्क-2 लड़ाकू विमान होने की उम्मीद है।



**स्वदेशी उपकरणों का इस्तेमाल**

83 एलसीए मार्क-1A विमानों की आपूर्ति फरवरी 2024 में हो सकती है। एलसीए मार्क-1A के 65 प्रतिशत से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। इसे एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता और मेक-इन-इंडिया की तरफ बड़ा कदम माना जा रहा है। LCA मार्क-1A तेजस विमान में अपग्रेडेड एवियोनिक्स और रडार प्रणाली लगे हुए हैं। ज्ञात रहे कि भारत ने 15 सितंबर को सशस्त्र बलों के लिए 45,000 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी।

**सी-295 विमान 25 को वायुसेना में होगा शामिल**

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी सी-295 परिवहन विमान लेने स्पेन गए हैं। यहां उन्होंने 13 सितंबर को पहला सी-295 परिवहन विमान प्राप्त किया। यह विमान पिछले तीन दशकों से वायुसेना का हिस्सा बने एवरो-748 का स्थान लेगा। सी-295 विमान को 25 सितंबर को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर वायुसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, आगरा में C-295 विमान को उड़ाने की ट्रेनिंग देने के लिए ट्रेनिंग सेंटर भी अगले साल तक तैयार हो जाएगा।

### NIA के तमिलनाडु व तेलंगाना में छापे

## अरबी भाषा पढ़ाने की आड़ में कट्टरपंथ को दे रहे थे बढ़ावा



**एजेंसी** | चेन्नई/हैदराबाद

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के भर्ती अभियान को विफल करने को लेकर शनिवार को तमिलनाडु और तेलंगाना के कई स्थानों पर छापेमारी की। दोनों राज्यों में करीब 31 जगहों पर छापे मारे गए।

एनआईए के अनुसार छापों के दौरान पता लगा कि युवाओं के बीच कट्टरपंथ को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय स्टडी सेंटर का इस्तेमाल किया जा रहा था। एनआईए ने एक बयान में कहा, क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रों के माध्यम से अरबी भाषा की क्लास आयोजित करने की आड़ में कट्टरपंथ को बढ़ावा दिया जा रहा था। इस तरह की कट्टरपंथी गतिविधियों को सोशल मीडिया मंचों, व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा था। इस मामले में शामिल लोगों ने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और आतंकवादी संगठन में भर्ती करने की साजिश रची थी, जो बाद में आतंकवादी और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल पाए गए। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप, दस्तावेज, अरबी भाषाओं में आपत्तिजनक किताबें और 60 लाख रुपए के साथ-साथ 18,200 अमेरिकी डॉलर नकद जब्त किए गए। जांच एजेंसी जब्त किए गए मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क को खंगाल रही है।

### विपक्षी गठबंधन ने बदली योजना

## भोपाल में रैली रद्द, नागपुर में संभव

**एजेंसी** | भोपाल

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की भोपाल में प्रस्तावित पहली रैली को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। रैली अब भोपाल की जगह महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित की जा सकती है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा है कि राज्य में गठबंधन की रैली को रद्द कर दिया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, गठबंधन की पहली रैली भोपाल की बजाय महाराष्ट्र के नागपुर में हो सकती है। विपक्षी गठबंधन फिलहाल गैर चुनावी



राज्यों में रैली आयोजित करना चाहता है। विपक्षी गठबंधन की पहली रैली भोपाल में क्यों रद्द हुई, इसे लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं और सवाल भी उठाए जा रहे हैं। पहला सवाल है कि क्या डीएमके नेताओं के सनातन विरोधी बयानों से मध्य प्रदेश में संभावित नुकसान के डर से कमलनाथ ने भोपाल में इंडिया गठबंधन की पहली रैली रद्द कराई है? दूसरा सवाल यह है कि क्या विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के एमपी में चुनाव लड़ने से इंडिया गठबंधन की एकजुटता की तस्वीर पेश करने में दिक्कत आती, इसलिए गठबंधन के रणनीतिकारों ने योजना को बदल दिया? सूत्रों का दावा है कि चुनावी व्यस्तता के मद्देनजर 'इंडिया' गठबंधन की रैलियां फिलहाल गैर चुनावी राज्यों में होंगी, इसलिए भोपाल की रैली रद्द हुई है।

### ब्रिटिश सरकार ने विजिटर्स व विद्यार्थी वीजा फीस बढ़ाई

**नई दिल्ली।** छह महीने से कम समय के लिए ब्रिटेन जाने वाले विजिटर्स को अब वीजा फीस के रूप में 15 पाउंड और विद्यार्थियों को 127 पाउंड ज्यादा देने होंगे। ब्रिटिश सरकार ने ऐलान किया है कि वीजा शुल्क में प्रस्तावित बढ़ोतरी चार अक्तूबर से लागू हो जाएगी। शुक्रवार को ब्रिटेन की संसद में यह विधेयक पेश किया गया। ब्रिटेन के गृह विभाग ने कहा कि बढ़ोतरी के बाद ब्रिटेन आने वाले विजिटर्स को वीजा शुल्क के रूप में 115 पाउंड और छात्रों को 490 पाउंड देने होंगे।

### एनएचआरसी प्रमुख मिश्रा ने कहा...

## भारत में मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि भारत में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

उन्होंने एशिया प्रशांत क्षेत्र के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों का दिल्ली में 20-21 सितंबर को प्रस्तावित द्विवार्षिक सम्मेलन की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें लगभग 31 देश भाग लेने जा रहे हैं। उनमें से पांच या छह



देश पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा ले रहे हैं। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे पास चर्चा के लिए तीन सत्र हैं। भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर हम अपने रिकॉर्ड को देखें और बीते तीन दशकों में जो घटनाएं हुई हैं, आंकड़ों के आधार पर मुझे नहीं लगता कि देश में मानवाधिकार के उल्लंघन की शिकायतों में वृद्धि हुई है।

कुछ विदेशी एजेंसियां भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर का मामला अलग है। वहां ऐसी घटना जातीय हिंसा में हुई है। केवल मणिपुर की घटना को आधार बनाकर सही स्थिति बयां नहीं की जा सकती।

### जम्मू कश्मीर: आतंकवादियों के खिलाफ अभियान

# घने जंगल, दुर्गम इलाके व खराब मौसम में सेना जुटी है ऑपरेशन में

**एजेंसी** | श्रीनगर

सेना जम्मू-कश्मीर के दुर्गम इलाकों में डेरा डाले बैठे आतंकवादियों के सफाए में जुटी है। इसके तहत गत पांच दिनों में घाटी में चार बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। अनंतनाग में शनिवार को चौथे दिन भी आतंकवादियों से मुठभेड़ जारी रही।

अनंतनाग में जहां आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है, वह इलाका बहुत ही दुर्गम व चुनौतीपूर्ण है। घने जंगलों और खराब मौसम के कारण ऑपरेशन को अंजाम देने में सुरक्षाबलों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार शनिवार की सुबह से हो रही भारी बारिश ने विजिबिलिटी कम कर दी। इससे ड्रोन के ऑपरेशन में कठिनाई आ रही हैं।

जिस गुफा में आतंकी छिपे हुए हैं, उसके पास भी आग लग गई। इस बीच सेना ने राजौरी जिले के नारला इलाके में मंगलवार से शुरू हुई दो दिवसीय मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। वहीं तीन आतंकियों को बारामूला के उरी सेक्टर में मार गिराया। बारामूला मुठभेड़ केवल पांच दिनों में आतंकवादियों के साथ सेना की तीसरी मुठभेड़ है। सैन्य अधिकारियों का मानना है कि अनंतनाग में मौजद आतंकवादी कोई आम आतंकवादी नहीं हैं



बल्कि अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं, अन्यथा मुठभेड़ इतनी लंबी नहीं खींच सकती है। इस मुठभेड़ में अब तक तीन अधिकारी शहीद हो चुके हैं। जिनमें दो सैन्य अधिकारी व एक पुलिस अधिकारी शामिल है। इसके अलावा एक जवान भी शहीद हुआ है।

**एक गुफा में छिपे आतंकी!**

जानकार सूत्रों के अनुसार अनंतनाग जिले में एक तरफ जंगल, एक तरफ पहाड़ी और दूसरी तरफ गहरी खाई के बीच सुरक्षा बलों के जवान आतंकवादियों से जूझ रहे हैं जिनके पास हथियारों, गोला-बारूद या भोजन की कोई कमी नहीं है। संदेह है कि आतंकवादी कोकेरनाग के गाडुल जंगलों में एक पहाड़ी के ऊपर एक गुफा में छिपे हुए हैं। गुफा से उन्हें सुरक्षा मिली हुई है। वहां से आतंकवादी सेना और पुलिस टीम की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही गतिविधियों की पूरी तरह से देख सकते हैं। गुफा की ओर जाने वाले संकरे रास्ते में कोई कवर नहीं है। सेना ने आतंकवादियों के सफाए के लिए ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और मोर्टार गोले आिद का भी इस्तेमाल किया है। अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द से जल्द आतंकवादियों को मार गिराएंगे।

**प्रशिक्षित आतंकी है उजैर खान**

सूत्रों के अनुसार, आतंकवादियों के पास हथियारों, गोला-बारूद और यहां तक कि भोजन का पर्याप्त भंडार है, जिसका प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि वे लगभग 90 घंटों तक टिके रहने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की संख्या भी दो-तीन से अधिक होने की संभावना है। गुफा में छिपे आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा का हालिया भर्ती सदस्य उजैर खान भी शामिल है। माना जाता है कि वह इलाके को अच्छी तरह से जानता है और इसका फायदा आतंकियों को हो रहा है।

**मुखबिर के धोखा देने का संदेह**

एक सूत्र ने कहा, साधारण आतंकवादी किसी मुठभेड़ को इतने लंबे समय तक नहीं खींच सकते। वे बहुत अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं और उनके पास अच्छे हथियार हैं। यह भी संभव है कि किसी मुखबिर ने सेना को धोखा दिया हो या किसी ने उनकी गतिविधियों को लीक कर दिया हो।

**पोस्टर विमोचन:** 15 नवंबर तक देश भर में होंगे प्रतिभाओं के पंजीकरण

# स्वर साधकों को खोजेंगे नामी कलाकार

**बेधड़क.जयपुर।** अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी' (स्वर साधकों की खोज) का आयोजन सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत-कला अकादमी और राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार की ओर से किया जाएगा। प्रवेश के लिए जयपुर व प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित देश भर से रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उसके बाद दिसंबर में जयपुर में ऑडिशन लिए जाएंगे और चयनित विजेताओं के बीच महामुकाबला होगा। यह विचार राष्ट्रवादी साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार के स्थापना दिवस-अभ्युदय महोत्सव पर दिसंबर में होने वाले टेलेंट हंट स्वर माधुरी (स्वर साधकों की खोज) के पोस्टर विमोचन व इवेंट में आयोजकों ने रखे। दुर्गापुरा स्थित होटल फर्न में लॉन्चिंग की गई। डॉ. प्रकाश छबलानी व सम्पर्क क्रांति परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा व राजस्थान संगीत कला अकादमी की संस्थापक सीमा मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी' का आयोजन जयपुर में होगा। इस दौरान देश भर के सिंगर्स एक मंच पर आएंगे। इससे पहले गुलाबी नगरी में ही लॉन्चिंग व अन्य प्रोग्राम आयोजित किए गए, जिसमें प्रदेश भर के नामी कलाकारों ने भी हिस्सा लिया।



फोटो: पंकज शर्मा



## 12-12 विजेता-उपविजेता होंगे पुरस्कृत

4 वर्ग में कुल 12 विजेताओं व 12 उपविजेताओं को नकद पुरस्कार, गिफ्ट, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही राजस्थान के वरिष्ठ स्थापित कलाकारों के साथ गाने का अवसर और ऑडियो एल्बम में स्थान दिया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वर साधकों के महाकुंभ में मंथन से स्वर शिरोमणि की खोज करना है। कार्यक्रम तीन वर्गों में होगा, जिसमें 5 से 15 वर्ष, 16 से 25 वर्ष और 26 वर्ष से अधिक के लिए शास्त्रीय गायन, लोक गायन, तथा सुगम गायन के अनरिकॉर्डेड व रिकॉर्डेड विधाओं में आयोजन होगा। साथ ही प्रतियोगिता में थैलेसीमिया, कैंसर, एड्स, दिव्यांगता से पीड़ित और विधवा महिलाओं व ट्रांसजेंडर को मौका दिया जाएगा।

## लॉन्चिंग पर ये रहे मौजूद

जयपुर में हुए प्रोग्राम में टेलेंट हंट के पोस्टर की लॉन्चिंग में नामी कलाकार भी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रेमी अवॉर्ड विजेता पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट, पद्मश्री राम किशोर छीपा, निर्भया स्क्वाड़ की एसीपी सुनीता मीणा, जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत, ज्योतिषाचार्य दीदी डॉ. सरस्वती गौड़, निम्स यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन शोभा तोमर, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, डॉ. अनीता सचदेवा, प्रो. सुमन यादव, डॉ. मधु तेलंग, राजस्थान लोक संगीत कला अकादमी की संस्थापक अध्यक्ष सीमा मिश्रा, आयोजन के परिकल्पनाकर्ता सम्पर्क क्रांति परिवार सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. प्रकाश छबलानी व सम्पर्क क्रांति परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा ने अलग अलग समूहों में लॉन्चिंग की। इस अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था।

## विष्णु बियानी निर्विरोध अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति की कार्यकारिणी के चुनाव सिंधी कॉलोनी स्थित होटल दीं ग्रांड मजिस्टिक में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी रवि प्रकाश चौधरी व नेतराम गुर्जर ने बताया कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष विष्णु बियानी को चुना गया। कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल, महासचिव मुकेश अग्रवाल, संरक्षक सुभाष व्यास पार्षद, अशोक शर्मा, सुनील नाटाणी, ललित अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), अरविंद शर्मा (उपाध्यक्ष), रजनीकांत सोनी, अशोक नायक, रूपेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र वर्मा (सचिव), पुखराज सोनी (प्रचार मंत्री), आनंद सिंह नरूका, ललित कायथ (सांस्कृतिक मंत्री), दीपक जोशी, विकास शर्मा, रईस खान, निजाम भाटी (संगठन मंत्री) उदय प्रताप सिंह, राम प्रकाश शर्मा, द्वारका प्रसाद जांगिड़ (सलाहकार सदस्य), विनोद कुमार शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, लोकेश बागड़ा, सुनील कुमार, रामकरण खींची,सुनील दत्त शर्मा, हिमांशु वर्मा,आरिफ खान, राजन यादव,सत्यनारायण अग्रवाल, विनोद सैन (कार्यकारिणी सदस्य) नियुक्त किए गए। कार्यक्रम में पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति के अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## वैश्य महापंचायत आज

**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर स्थित वीटी रोड ग्राउंड में रविवार को वैश्य महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज बंधु एक जाजम पर बैठकर विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। महापंचायत के समर्थन और जागरूकता फैलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन, युवा विंग-राजस्थान की ओर से शनिवार को विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान से शुरू होकर सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार होती हुई संसार चन्द्र रोड स्थित खंडेलवाल महिला महाविद्यालय पहुंचकर पूरी हुई। रैली में 350 दुपहिया और 150 चारपहिया वाहन के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## विधायक संदीप बने प्रदेशाध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, राजस्थान का शपथग्रहण समारोह शनिवार को आरएएस क्लब में आयोजित किया गया। सर्वसम्मति से तिजारा विधायक संदीप यादव को महासभा का प्रदेशाध्यक्ष, मदन यादव को कार्यकारी अध्यक्ष, दिनेश कुमार यादव को राजस्थान युवा यादव महासभा का प्रदेश अध्यक्ष और वीरेंद्र यादव को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव और राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शुभाशिनी यादव ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। आयोजन में ममता यादव पार्षद वार्ड नंबर 138 जयपुर ग्रेटर, वीरेंद्र धर्मपाल, शेर सिंह, मोहित, राजपाल, विक्रम, डॉ. उदयवीर, एडवोकेट नरेंद्र, विनोद, ममता, रामनिवास यादव के अतिरिक्त राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से और उत्तरप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश से आए यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### सीसीटीवी कैमरे लगाने की शुरुआत



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 129 जय जवान द्वितीय में विधायक कोष से लगने वाले सीसीटीवी कैमरा का शिलान्यास किया। स्थानीय पार्षद महेश सैनी बच्चू ने बताया कि आए दिन चोरी व गाड़ियों के शीशे टूटने की घटनाओं को देखते हुए विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिसका शुभारंभ किया गया। नटवर कुमावत ने बताया कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 8 कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे विधायक कोष से लग चुके हैं। अब जय जवान द्वितीय में कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही 12 कॉलोनी में कैमरे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर विकास समिति अध्यक्ष नेमीचंद चौधरी, सचिव संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष एच. के गुप्ता, हरीश खड़िया आदि मौजूद रहे।

### अंडर आर्म क्रिकेट लीग का आगाज



**बेधड़क. जयपुर।** जैन युवा मंच जनकपुरी, ज्योतिनगर मंदिर के पास अंडर आर्म क्रिकेट लीग का आगाज हुआ। मंच के अध्यक्ष अमित शाह व मंत्री प्रतीक जैन ने बताया कि मंच का यह पहला आयोजन है। दो दिन में 11 टीम के 18 मैच का आयोजन होगा, जिसमें 100 से अधिक खिलाड़ी मुकाबला करेंगे। सभी टीमों को उनके ग्रुप नाम की टी-शर्ट दी गई। मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व मंत्री देवेंद्र कासलीवाल सहित वरिष्ठजनों ने अभिनंदन किया।

### 'सच बेधड़क' के लाल सिंह सम्मानित




**बेधड़क. जयपुर।** 'सच बेधड़क' के विशेष संवाददाता लाल सिंह फौजदार का प्रेस क्लब में हुए पत्रकार सम्मान समारोह में सम्मान किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए फौजदार को नवाजा गया। डीआईपीआर के अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी और रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने उन्हें मोमेंटो और शॉल प्रदान किया।

**शहीदों के परिजनों और प्रतिभाओं का सम्मान**

# अमर जवान ज्योति पर देशभक्ति गीतों से शहीदों को दी श्रद्धांजलि



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क | जयपुर**

शहीद मेजर आलोक माथुर सेना मैडल मेमोरियल समिति की ओर से अमर जवान ज्योति पर देश भक्ति गीतों की संध्या, शहीदों के परिजनों का सम्मान व प्रतिभाओं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रिटायर्ड मेजर जनरल अनुज माथुर थे तो अध्यक्षता मंजू शर्मा ने की। समिति सचिव मुकेश दत्त माथुर ने बताया, कि समारोह शहीद परिजनों के परिवारों को सम्मानित किया गया। साथ ही 10वीं व 12वीं क्लास में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 20 से अधिक छात्र-छात्राओं को तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पीआर शर्मा, प्रेमलता पंडिता, अनिल माथुर, दिलीप सिंह महरोली, अभिजित एस्वाल, सिल्वी माथुर, अजय सिंह को विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में जागृति विद्यालय शहीद मेजर आलोक माथुर सीनियर सैकण्डरी स्कूल तथा अन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। मंच संचालन जयपाल सिंह मांडोता तथा मोनिला माथुर ने किया।

कॉडिनेटर नितेश दत्त माथुर, क्रिएटिव डायरेक्टर भारती माथुर, सांस्कृतिक सचिव रिचा माथुर, इवेन्ट कॉडिनेटर शिप्रा माथुर व समिति संयुक्त सचिव सुयोग माथुर ने सहयोग दिया। समिति सचिव मुकेश दत्त माथुर ने शहीद मेजर आलोक माथुर सेना मैडल मेमोरियल समिति की गतिविधियों पर प्रकाश डाला

## निधि प्रिया को मिलेगा इंस्पिरेशन वुमन अवॉर्ड-2023



**जयपुर।** नेशनल लेवल वीनस इंस्पिरेशन वुमन अवॉर्ड-2023 के लिए निधि प्रिया का चयन हुआ है। 24 सितंबर को अजमेर रोड स्थित स्टारडम में होने वाले अवॉर्ड फंक्शन में देशभर की महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, उनमें निधि प्रिया भी शामिल हैं। वे एक आर्टिस्ट हैं और यूपी से संबंध रखती हैं और जयपुर उनकी कर्म स्थली है।

## सिमरन करेंगी टॉलीवुड में डेब्यू



**बेधड़क. जयपुर।** साउथ के सुपरस्टार मास महाराज रवि तेजा के यंगर ब्रदर रघु के बेटे माधव के साथ 'मिस्टर इडियट' मूवी में मिस राजस्थान व मिस ग्रैंड इंडिया सिमरन शर्मा हीरोइन के रूप में नजर आएंगी। इसके लिए डायरेक्टर रघुवेंद्र राव के द्वारा फर्स्ट लुक लॉन्च का पोस्टर हीरो माधव के बर्थडे पर जारी किया गया। मिस राजस्थान के आयोजक और सिमरन के मेंटोर योगेश मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान 2017 सिमरन टॉलीवुड में डेब्यू कर राजस्थान की गर्ल्स के लिए प्रेरणा बन गई हैं। गौरतलब है कि सिमरन मिस राजस्थान बनने के बाद मिस ग्रैंड इंडिया बन राजस्थान का मान बढ़ा चुकी हैं और म्यूजिक वीडियोज देने के बाद अब टॉलीवुड में कदम रखा है।

**काउंसलिंग** | मानसिक स्वास्थ में आराम और शांति पहुंचाने वाला सेशन

# रोजमर्रा में रंगों से मेंटल हेल्थ का रख सकते हैं ध्यान

**बेधड़क | जयपुर**

'मैंने देखा है कि लोग अपनी मेंटल प्रोब्लम्स को बताने के लिए घर से बाहर नहीं आते हैं तो हमने मानसिक परेशानियों से निजात दिलाने के लिए एक पिटारा उनके घर भेज दिया।

इससे उन्होंने सेल्फ अपनी परेशानियों को दूर किया। आज भी कुछ ऐसे ही हर उम्र के ग्रुप हमारे बीच आए और अपनी-अपनी राउंड टेबल पर बैठकर इन अलग-अलग पिटारों से अपनी-अपनी परेशानियों को दूर किया। ये कहना था मनोचिकित्सक और



ऑथर डॉ. हर्षिका पारीक का। वे स्पाइस कोर्ट में एक निःशुल्क काउंसलिंग सेशन में बोल रही थीं। इस दौरान आगामी वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे के उपलक्ष में काउंसलर चेयर की ओर से जयपुर में पहली बार मानसिक स्वास्थ में आराम और शांति पहुंचाने वाला सेशन आयोजित किया गया।

### विभिन्न थैरेपी के बारे में दी जानकारी

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ एनएएसी मैंबर और जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के ह्यूमेनिटीज और सोशल साइंस के डीन प्रोफेसर एन. डी माथुर, राजस्थान यूनिवर्सिटी की छात्र सलाहकार ब्यूरो की डायरेक्टर प्रोफेसर सुशीला पारीक और टैगोर पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर की प्रिंसिपल डॉ. ममता मिश्रा उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को आर्ट थैरेपी, सोल्यूशन फोकस्ड थैरेपी, कॉग्निटिव बिहेविरियल थैरेपी और गोटमैन कपल्स थैरेपी के बारे में गहराई से समझाया गया।

### दिमाग को स्ट्रेस में रख सकते हैं शांत

काउंसलर चेयर से डॉ. हर्षिका ने बताया कि ऐसे हेल्थ बॉक्स डिजाइन किए हैं, जिसके द्वारा दिमाग को स्ट्रेस में शांत रखा जा सकता है। इसमें स्पेशली पजल्स, बिंगो, आर्ट बुक्स, जर्नल्स, कैंडल्स, एसेंस और एक्सरसाइज को एक साथ लाया गया है। एक्सरसाइज के द्वारा लोगों को अपने 7 चक्र को सकारात्मक तौर पर सक्रिय करना सिखाया।



## मिस यूनिवर्स पाकिस्तान बनी फैशन मॉडल... सरकार आई एक्शन में

# एरिका रॉबिन पर भड़के मुस्लिम कट्टरपंथी



एजेंसी | इस्लामाबाद

पहली मिस यूनिवर्स पाकिस्तान कराची की एरिका रॉबिन बनी हैं। उनकी इस कामयाबी को लेकर विवाद मच गया है। इस दबाव के चलते सरकार भी कार्रवाई के मूड में आ गई है।

पाकिस्तान में कुछ लोग सरकार पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर आज से पहले जब ऐसा इवेंट नहीं हुआ तो अब क्यों पाकिस्तानी महिलाओं का दुनिया में प्रदर्शन किया जा रहा है। एक्टिविस्ट जोहरा यूसुफ का कहना है कि जब भी पाकिस्तान में कोई महिला अपने दम पर आगे बढ़ती हैं तो उसपर हमला होता है। दरअसल, मिस यूनिवर्स पाकिस्तान मालदीव में कराया गया। दुबई की युजेन ग्रुप ने इस कार्यक्रम को कराया, जिसमें पांच प्रतियोगी शामिल हुए। कंपनी के पास पाकिस्तान के साथ-साथ बहरीन और मिस्र के मिस यूनिवर्स की फ्रेंचाइजी भी है। गुरुवार को एरिका को ताज पहनाया गया। मिस यूनिवर्स में अब वह पाक का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो अल सल्वाडोर में होगा। कई लोग जहां एरिका के उपलब्धि की प्रशंसा कर रहे हैं, तो पाकिस्तान का एक बड़ा रूढ़ीवादी वर्ग गुस्से में हैं।

### धार्मिक नेता बता रहे शर्मनाक

पाकिस्तान के धार्मिक विद्वान तकी उस्मानी उन पहले लोगों में से थे, जिन्होंने कहा कि सरकार इस मामले का नोटिस ले और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि इस धारणा को दूर किया जाना चाहिए कि महिलाएं पाकिस्तान की प्रतिनिधि हैं। जमात ए इस्लामी के सांसद मुश्ताक अहमद खान ने इसे पाकिस्तान के लिए शर्मनाक बताया। पत्रकार अंसार अब्बासी ने पूछा कि आखिर पाकिस्तान के किस अधिकारी ने इन महिलाओं को ब्यूटी प्रतियोगिता में शामिल होने की मंजूरी दी।



### देश का नाम रोशन करूंगी

हालांकि सोशल मीडिया एरिका के लिए बधाइयों से भरा रहा। पत्रकार मरियाना बाबर ने लिखा, 'पाकिस्तान सभी पाकिस्तानियों का है। वे जहां भी रहें, पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कभी भी कर सकते हैं।' एरिका रॉबिन ने कहा कि अब उनके कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। देश का नाम रोशन करने के लिए वह कुछ भी करेंगी। उन्होंने कहा कि जीतने से ज्यादा पाकिस्तान का प्रतिनिधि करने की खुशी होगी। कई लोगों ने कहा कि एरिका की बुराई करने वाले ज्यादातर पुरुष हैं।

## किम की यात्रा में किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं

# रूस ने दिया स्पष्टीकरण

एजेंसी | मॉस्को

रूस ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। उत्तर कोरियाई नेता फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए और किसी पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी।

मीडिया ने शनिवार को बताया कि रुस का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिमी देश इस बात पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि दोनों अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं। किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। माना जाता है कि रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है।



### सैन्य सहयोग के लिए संभावनाएं देखी

पुतिन ने कहा कि किम ने सैन्य सहयोग के लिए 'संभावनाएं' देखी। रूसी सुदूर पूर्व के अपने दौरे के हिस्से के रूप में किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा और एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी। किम के साथ कारखानों का दौरा करने के बाद रूसी उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा, 'हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों के क्षेत्र में सहयोग की संभावना देखते हैं।'

### जापान व द. कोरिया चिंतित

इस बीच जापान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 'बिना किसी पूर्व शर्त के' किम से मिलने के इच्छुक हैं। किशिदा ने पहले कहा था कि वे किम के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन पुतिन-वार्ता को लेकर क्षेत्रीय चिंताएं बढ़ी हैं। इधर, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन ने कहा कि अगर रूस और उत्तर कोरिया हथियार सौदा करते हैं तो उन पर और प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा सकता है।'

## चीन: शी की कैबिनेट में फेरबदल के बाद अजीब घटनाएं...

# विदेश मंत्री के बाद रक्षा मंत्री भी लापता

एजेंसी | बीजिंग

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में आखिर चल क्या रहा है! राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद देश के दूसरे और तीसरे सबसे ताकतवर नेता अचानक गायब होते जा रहे हैं। यहां तक कि सेना के कमांडर भी लापता हैं। पहले चीनी विदेश मंत्री के अचानक लापता होने से हड़कंप मच गया था। अब ऐसा ही कुछ चीनी रक्षा मंत्री के साथ हुआ है।

रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू के लोगों की नजरों से गायब होने की अफवाहें ऐसे समय में आई हैं जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी कैबिनेट में कई फेरबदल किए हैं। जिनपिंग ने पहले तो अपने विदेश मंत्री को बदला था।

इसके बाद उन्होंने देश के परमाणु और मिसाइल शस्त्रागार की देखरेख करने वाले दो सेना जनरलों सहित कई अन्य शीर्ष चीनी सरकारी अधिकारियों को भी बदल दिया। सरकार में फेरबदल के बाद विदेश मंत्री किन गैंग की बर्खास्तगी पर सबसे ज्यादा आपत्तियां उठी थीं। जापान में अमेरिकी दूत रहम एमानुएल ने एक्स पर एक हॉलीवुड फिल्म की तर्ज पर लिखा, "फिर वहां कौन बचेगा? पहले विदेश मंत्री किन गैंग लापता हो गए, फिर रॉकेट फोर्स कमांडर लापता हो गए, और अब रक्षा मंत्री ली शांगफू दो सप्ताह से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए हैं।






### गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन का पत्नी निकोल से तलाक

**वाशिंगटन।** गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन अपनी पत्नी निकोल शानहान से तलाक ले चुके हैं। अरबपति एलन मस्क से शानहान के संबंध के आरोप के चलते इस साल मई में ही डिवोर्स हो गया था। कोर्ट के डाक्युमेंट्स के अनुसार ब्रिन और शानहान का तलाक 26 मई को हुआ था। यह जानकारी अब सामने आई है। फिलहाल वे दोनों अपनी 4 साल की बेटी की कानूनी और फिजिकल कस्टडी को लेकर लड़ रहे हैं।

## भारत के मध्य पूर्व गलियारे से चिढ़े एर्दोगन

# फारस की खाड़ी तक बनेगी सड़क

एजेंसी | अंकारा

भारत के मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा से चिढ़े तुर्किये ने मध्य पूर्व से यूरोप को जोड़ने के लिए एक रेल-रोड नेटवर्क का निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है।

तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने बताया कि ये रेल-रोड नेटवर्क फारस की खाड़ी से यूरोप को कनेक्ट करेगा। इसके पहले चरण में सड़क निर्माण के कार्य को पूरा किया जाएगा, जिसके बाद रेल नेटवर्क का विकास किया जाएगा। तुर्किये भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे में खुद को शामिल न किए जाने पर बिफरा हुआ है। यही कारण है कि वह खुद के महत्व को दिखाने के लिए नया आर्थिक गलियारा को विकसित करना चाहता है।



इस्तांबुल में 10वीं वर्ल्ड टर्किश बिजनेस काउंसिल कांग्रेस में बोलते हुए फिदान ने कहा कि हम अगले कुछ महीनों में डेवलपमेंट रोड प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन फेज में आगे बढ़ने की उम्मीद करते हैं, जो अगले कुछ वर्षों में मध्य पूर्व की समृद्धि और स्थिरता के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## अंतरिक्ष में दिखेगा अद्भुत नजारा

# छठा ग्रह यूरेनस दिखाई देगा इस हफ्ते

एजेंसी | वॉशिंगटन

हो सकता है आपने आसमान में पांच ग्रहों की टिमटिमाती रोशनी देखी हो, लेकिन एक छठा ग्रह भी है, जिसे बिना टेलिस्कोप के देखा जा सकता है। इस ग्रह का नाम यूरेनस है।

इस हफ्ते यह एक ऐसी स्थिति में है, जिसके कारण यह हमारे आकाश में अच्छी तरह दिखाई दे सकता है, क्योंकि आसमान में चांद नहीं है, इसलिए इसे देख पाना और भी आसान होगा। इस समय यह +5.7 की तीव्रता पर चमक रहा है यानी यह अभी नग्न आंखों से दिखाई देने वाली सीमा के करीब है। यह एरीस तारामंडल में देर शाम के समय दिखाई देता है।



### सूर्य से 3.2 अरब किमी दूर

आधी रात तक यह पूर्वी क्षितिज से सीधे ऊपर बिंदु तक लगभग एक तिहाई रास्ते पर स्थित होगा। इस दौरान यह दो प्रमुख तारों के बीच में होगा। इसके पश्चिम में बृहस्पति ग्रह होगा। वहीं, पूर्व में प्लीएड्स तारा समूह होगा। अग टेलिस्कोप हो तो और भी साफ दिखाई देगा। यूरेनस सूर्य से 3.2 अरब किमी दूर है। इसका वातावरण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन और थोड़ी मात्रा में एसिटिलीन और हाइड्रोकार्बन से बना है। यह ग्रह 98 डिग्री पर झुका है, जिसके कारण यहां ऋतुएं बेहद सख्त होती हैं।

### इसके हैं 27 ज्ञात चंद्रमा

इसका व्यास 51,200 किमी है। नासा के वॉयजर-2 ने फ्लाईबाई के दौरान चुंबकीय डेटा का अध्ययन किया, जिससे पता चला कि यह अपनी धुरी पर 17.4 घंटे में घूमता है। अभी तक यूरेनस के 27 ज्ञात चंद्रमा हैं। यह सभी ग्रह की भू-मध्य रेखा की कक्षा में हैं। इसके छल्ले भी हैं, जो लगभग अपारदर्शी हैं। इन छल्लों को 1978 में खोजा गया था। इसका कोर चट्टानी है, जो पानी, मीथेन और अमोनिया के तरल आवरण से घिरा है। इसे सूर्य का एक चक्कर लगाने में 84 साल लगते हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl